हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 13 अंक : 28 देहरादून, बुधवार, 17 जुलाई, 2024 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 8



सीएस रतूड़ी ने हरेला पर्व के अवसर पर अमलतास का वृक्षारोपण किया 5

# सीएम धामी ने किया जागेश्वर धाम के प्रसिद्ध श्रावणी मेले का शुभारंभ

## प्रदेश एवं जनपद वासियों को दी हरेला पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं





न्यूज़ वायरस नेटवर्क

अल्मोड़ा 17 जुलाई : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जागेश्वर धाम पहुंचे जहां उन्होंने प्रसिद्ध जागेश्वर धाम में एक महीने चलने वाले श्रावणी मेले का पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने जागेश्वर के भंडारा स्थल में पदम का वृक्ष भी लगाया तथा हरेला की शुभकामनाओं के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रदेश वासियों की सुख समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री ने भगवान जागेश्वर महादेव का पंचामृत से रुद्राभिषेक भी किया ।मुख्यमंत्री ने प्रदेश वासियों को हरेला पर्व एवं श्रावणी मेले की शुभकामनाएं दी ।मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार उत्तराखंड के विकास को समर्पित सरकार है। इसी का परिणाम है कि नीति आयोग द्वारा जारी की गई सतत विकास रिपोर्ट में उत्तराखंड प्रथम स्थान पर आया है। यह हमारे उत्तराखंड को देश का श्रेष्ठ राज्य बनाने की दिशा में सकारात्मक कदम है।

उन्होंने कहा कि उनकी सरकार राज्य के विकास को समर्पित सरकार है। अल्मोड़ा के कोसी से कौसानी तक साइकिल ट्रैक का निर्माण किए जाने पर कार्य किया जा रहा है जिससे अल्मोड़ा जनपद के पर्यटन को गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि अल्मोड़ा शहर के विस्तार की भी योजना है।इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि जागेश्वर धाम पौराणिक संस्कृति का अप्रतिम प्रतीक है। यहां आकर एक अलग ही शांति की अनुभूति मिलती है। भगवान जागेश्वर सभी श्रद्धालुओं पर अपनी कृपा रखते हैं। उन्होंने कहा कि जागेश्वर आकर वें बहुत अभिभूत महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यहां कोई अपनी मर्जी से नहीं बल्कि बाबा के बुलावे पर ही आता है। उन्हें बाबा का बुलावा आया तो वे यहां आए। श्रावणी मेले को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रावणी मेला पौराणिक संस्कृति का जीता जागता उदाहरण है। श्रावणी मेला सदियों से श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहा है।



उन्होंने कहा कि जब से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जागेश्वर धाम में पूजा अर्चना की है तब से यहां श्रद्धालुओं की संख्या में गुणात्मक वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी के यहां आने से लगातार श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार लगातार देश एवं प्रदेश में विकास के नए नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के तीर्थाटन को बढ़ाने में भी उनकी सरकार लगातार प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार केदारनाथ एवं बदरीनाथ मंदिर के मास्टर प्लान के माध्यम से केदारनाथ एवं बदरीनाथ में श्रद्धालुओं की संख्या में बढ़ोतरी हुई है उसी प्रकार जागेश्वर धाम के मास्टर प्लान के माध्यम से भी यहां के लोगों के आजीविका के द्वार खुलेंगे। उन्होंने कहा कि जागेश्वर धाम के मास्टर प्लान के कार्य पूरा हो जाने के बाद प्रति वर्ष 10 लाख श्रृद्धालु यहां आने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि इसके माध्यम से यहां के लोगों एवं जनपद की आर्थिकी में भी बढ़ोतरी होगी एवं जीवन खुशहाल होगा।

इस दौरान केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री अजय टम्टा ने भी जनपद एवं प्रदेशवासियों को हरेला पर्व एवं श्रावणी मेले के शुभकनाएं दी। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार राज्य के विकास के लिए प्रयासरत है। इस दिशा में अनेक कार्य मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनके नेतृत्व में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन सुदूर आदि कैलाश में कराकर योग दिवस को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मान दिलाया है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में उत्तराखंड की सड़कों का कायाकल्प होगा एवं प्रदेश तेजी से मजबूत अर्थव्यवस्था को और अग्रसर होगा ।विधायक जागेश्वर मोहन सिंह मेहरा ने मुख्यमंत्री के जागेश्वर धाम आने के लिए उनका धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा लगातार प्रदेश एवं जनपद के लिए अहम फैसले लिए जा रहे हैं। जो प्रदेश के विकास की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रहे हैं ।इस दौरान जिलाध्यक्ष भाजपा रमेश बहुगुणा, उपाध्यक्ष जागेश्वर मंदिर प्रबंधन समिति नवीन चंद्र भट्ट, प्रबंधक ज्योत्सना पंत, पुजारी प्रतिनिधि पंडित नवीन चंद्र भट्ट,जिला उपाध्यक्ष भाजपा प्रकाश भट्ट, मंडल अध्यक्ष हरीश प्रकाश सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता तथा जिला मजिस्ट्रेट विनीत तोमर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पींचा, मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोंडे समेत अन्य विभागीय अधिकारी एवं आम जनमानस उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री ने जनपद के विकास को लेकर निम्न घोषणाएं की

1. सरयू (सेराघाट) से वृद्ध जागेश्वर सहित जागेश्वर क्षेत्र के लिए पेयजल पंपिंग योजना का निर्माण किया जाएगा।
2. भगत तोला कपकोट मोटर मार्ग का डामरीकरण किया जाएगा।
3. मानसखंड मंदिर माला मिशन के अंतर्गत वृद्ध जागेश्वर को धार्मिक पर्यटन से जोड़ा जाएगा।
4. भिकियासेन में डाम का निर्माण किया जाएगा।
5. चमडखान में बैंक की स्थापना की जाएगी।
6. भरतोली के प्राचीन देवायल मंदिर का जीर्णोधार किया जाएगा।
7. डिप्टेश्वर महादेव एवं कोटेश्वर महादेव का जीर्णोधार तथा सौंदर्यीकरण किया जाएगा।
8. मर्चुला भिकियासेन मोटर मार्ग पर रामगंगा नदी पर रडास नमक मोटर पुल का निर्माण किया जाएगा।
9. महात्मा गांधी इंटर कॉलेज चनोदा सोमेश्वर के अपूर्ण भवन का निर्माण किया जाएगा।
10. चायखन - थूवासीमल से ध्युली - धोनी (अडोली सिमोली) व ध्यूली रौतेला चौना बैंड तक लिंक रोड का निर्माण किया जाएगा।
11. सोमेश्वर के ग्राम सभा रहत में धूनी गैर नमक स्थान पर मिनी स्टेडियम बनाया जाएगा।
12. शहर फाटक नंगधूनी मंदिर के पास मिनी स्टेडियम का निर्माण किया जाएगा।
13. कंडार खोवा के सुनियाकोट माटीला मोटर मार्ग से स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्मारक तथा मोटर मार्ग का निर्माण किया जाएगा ।
14. विकासखंड हवालबाग के गोविंदपुर स्थित देवडघाट के नानकोसी में मिनी बैराज का निर्माण किया जाएगा।
15. जागेश्वर विधानसभा में 40 किमी डामरीकरण के प्रस्ताव पर जो भी संभव होगा इस पर कार्य किया जाएगा।

# हरेला पर्व पर सीएम धामी ने शहीदों के नाम पर किया वृक्षारोपण, एक करोड़ का रखा लक्ष्य

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 17 जुलाई : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हरेला पर्व के अवसर पर मालदेवता देहरादून में आयोजित 'शहीदों के नाम पौधरोपण' कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने वृक्षारोपण किया। कार्यक्रम के दौरान जम्मू के कठुआ में शहीद हुए उत्तराखण्ड के जवानों एवं बिनसर वन्यजीव विहार में वनाग्नि दुर्घटना में मृतक वन्य कर्मियों की स्मृति में श्रद्धांजलि स्वरूप पौधा रोपण किया गया। मुख्यमंत्री ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सराहनीय प्रयास करने वाले स्कूलों एवं वन पंचायतों को सम्मानित भी किया।






मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को हरेला पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हरेला पर्व सुख, समृद्धि, शान्ति, पर्यावरण और प्रकृति संरक्षण का प्रतीक है। यह पर्व जीवन को प्रकृति के साथ जोड़ने का कार्य करता है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड प्राकृतिक रूप से समृद्ध राज्य है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी को प्रतिज्ञा लेनी होगी कि हम प्राकृतिक धरोहर एवं विरासत को संरक्षित कर भावी पीढ़ी को स्वच्छ पर्यावरण देंगे। इस बार राज्य में हरेला पर्व की थीम पर्यावरण की रखवाली, घर-घर हरियाली, लाये समृद्धि और खुशहाली निर्धारित की गई है। उन्होंने जल संरक्षण एवं संवर्द्धन की दिशा में सभी को योगदान देने के लिए अपील की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि तापमान में वृद्धि होना, सबके लिए चिंतन का विषय है। देवभूमि उत्तराखण्ड को प्रकृत्ति ने सब कुछ दिया है। हमारी जिम्मेदारी है कि प्रकृति प्रदत्त सम्पदाओं का सही तरह से उपयोग हो। वृक्षारोपण और जल संरक्षण की दिशा में सबको मिलकर प्रयास करने हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हरेला पर्व पर 50 लाख पौधे रोपे जाने का लक्ष्य रखा गया है। इसमें सरकार के साथ जन सहयोग भी लिया जा रहा है। राज्य सरकार द्वारा 15 अगस्त तक बृहद स्तर पर वृक्षारोपण अभियान चलाया जायेगा। सरकार के साथ स्वयं सहायता समूहों, सामाजिक संगठनों, एनजीओ और जनसहयोग को इसमें लिया जायेगा। उन्होंने प्रदेशवासियों से अपील की कि जो भी वृक्षारोपण किये जा रहे हैं, उनका संरक्षण भी करना है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अनेक कार्य किये गये हैं। उन्होंने विश्व पर्यावरण दिवस पर 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान की शुरूआत की थी। तब से अब तक देश में करोड़ों पौधे रोपे जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में प्रदेश में हर क्षेत्र में तेजी से कार्य हो रहे हैं। उत्तराखण्ड ने सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के लिए देश में पहला स्थान हासिल किया है। यह उत्तराखण्ड के लिए गौरव का विषय है। हरेला पर्व के अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी विद्यालयों, कॉलेजों, निकायों, जनप्रतिनिधियों तथा सभी सरकारी एवं निजी संस्थानों से भी अपने परिसर में अधिक से अधिक पौधों का रोपण का आह्वाहन किया। मुख्यमंत्री ने मिश्रित वन के तहत पर्यावरण विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में 'सिंगलास वन' विकसित करने के लिए प्रयास कर रही रूद्रप्रयाग जनपद के कोट ग्राम पंचायत की मातृशक्ति के प्रयासों की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इनके द्वारा पर्यावरण संरक्षण के साथ जल संरक्षण के लिए भी कार्य किये जा रहे हैं, यह एक सराहनीय पहल है।

वन मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि हरेला पर्व के उपलक्ष्य में इस वर्ष प्रदेश में 01 करोड़ 64 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। यह अभियान 15 अगस्त तक चलेगा। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड की पहचान यहां का नैसर्गिक सौन्दर्य है। वन सम्पदा राज्य की आजीविका का महत्वपूर्ण संसाधन है। वन सम्पदाओं को बढ़ाने और जल संरक्षण की दिशा में हमें निरन्तर कार्य करने हैं। उन्होंने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग और ग्लेशियरों का तेजी से पिघलना बड़ी चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि भावी पीढ़ी को शुद्ध वतावरण देने के लिए सबको वृक्षारोपण और जल संरक्षण की दिशा में कार्य करने होंगे।

## राजकीय शिक्षक संघ ने किया शैलारानी रावत के निधन पर शोक व्यक्त

रुद्रप्रयाग। केदारनाथ विधायक शैलारानी रावत के आकस्मिक निधन पर राजकीय शिक्षक संघ ने गहरा शोक व्यक्त किया। राजकीय शिक्षक संघ के पदाधिकारी विधायक शैलारानी के निवास स्थान पर पहुंचे जहां उन्होंने परिवार के सदस्यों को इस दुख की घड़ी में शक्ति प्रदान करने के लिए भगवान से प्रार्थना की। साथ ही मृत आत्मा की शांति की प्रार्थना की। इस मौके पर शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष नरेश कुमार भट्ट, जिला मंत्री आलोक रौथाण, उपाध्यक्ष शीशपाल पंवार, संयुक्त मंत्री दीपक नेगी, संगठन मंत्री महिला विमला राणा, पूर्व मंडलीय मंत्री शिव सिंह नेगी, महिला उपाध्यक्ष ललिता रौतेला, संयुक्त मंत्री महिला कुसुम भट्ट, संगठन मंत्री सरोप सिंह नेगी, उम्मेद वैरवाण, हर्षवर्धन रावत, विजय वैरवाण, एमएन मैठाणी आदि शामिल रहे।

## बच्छणस्यूं के फतेहपुर-पौड़ीखाल जोड़ने वाला पैदल पुल क्षतिग्रस्त

रुद्रप्रयाग। चित्रमति गदेरे पर बना बच्छणस्यूं पट्टी के डिखाल, सुनाऊ, फतेहपुर, निषणी, कलेथ, डिंगड़ी, पणधारा, बंगोली सहित एक दर्जन से अधिक गांवों को जोड़ने वाला पुल मंगलवार हुई भारी बारिश के चलते क्षतिग्रस्त हो गया। पुल के एक किनारे में बड़ा हिस्सा टूट गया है। जिससे यहां आवाजाही बंद हो गई है। गनीमत रही कि इस दौरान पुल पर किसी की आवाजाही नहीं हो रही थी। कुछ समय पहले ही कुछ ग्रामीण यहां से निकले थे। खांकरा के पूर्व प्रधान प्रदीप मलासी का कहना है कि यह पुल काफी जर्जर है। करीब 70 साल पहले बने पुल की कोई देखरेख नहीं थी। उन्होंने आरोप लगाया कि जहां एक ओर सरकार गांव-गांव को सड़कों से जोड़ रही है वहीं यह क्षेत्र सड़क सुविधा के लाभ से वंचित है।

## सैन्य सम्मान के साथ नम आंखों से दी संजय सिंह को अंतिम विदाई

रुद्रप्रयाग। 11वीं गढ़वाल राफल्स से अन्तर्राष्ट्रीय शांति सेना में शामिल अफ्रीका महाद्वीप के युगांडा देश में तैनात 39 वर्षीय शहीद संजय सिंह पुष्वाण का मंगलवार को सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। मंदाकिनी किनारे पैतृक घाट पर बड़ी संख्या में लोगों ने उन्हें नम आंखों से विदाई दी। ऊखीमठ तहसील के समीपवर्ती गांव किमाणा निवासी 39 वर्षीय हवलदार संजय सिंह पुष्वाण पुत्र दौलत सिंह पुष्वाण का बीते 10 जुलाई को अफ्रीका महाद्वीप के युगांडा में ड्यूटी के दौरान हृदयगति रुकने शहीद हो गए। सैन्य अधिकारियों द्वारा उनके शहीद होने की सूचना दूरभाष से परिजनों को दी गई। जिसके बाद क्षेत्र में मातम छा गया। मंगलवार को मेजर देशमुख, सुबेदार दीपचंद, नरेन्द्र सिंह, राकेश सिंह, महेन्द्र पाल, नागेन्द्र, कुलदीप के नेतृत्व में उनके पार्थिव शरीर को सेना के वाहनों से दिल्ली से किमाणा गांव लाया गया। तो तिरंगे में लिपटे शहीद के पार्थिव को देखकर परिजन फूट-फूटकर रो पड़े।

## डिग्री कॉलेज में हुआ पौधारोपण

रुद्रप्रयाग। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अगस्त्यमुनि में लोकपर्व हरेला के मौके पर पौधारोपण किया गया। राज्य स्वच्छ गंगा मिशन, नमामि गंगे उत्तराखंड, देहरादून द्वारा 16 से 31 जुलाई तक आयोजित किए जा रहे हरेला पखवाड़ा कार्यक्रम का शुभारंभ राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अगस्त्यमुनि में किया गया। महाविद्यालय की नमामि गंगे इकाई, राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ एवं अगस्त्यमुनि रेंज रुद्रप्रयाग वन प्रभाग द्वारा महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया।

## कांग्रेसी बोले, हिन्दू धर्म की आस्था से खिलवाड़ कर रही भाजपा

नई टिहरी। केदारनाथ धाम का दिल्ली में प्रतीकात्मक मंदिर बनाए जाने पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी हिंडोलाखाल ने मंगलवार को कड़ा रोष जताया है। गुस्साएं कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने ब्लॉक मुख्यालय में सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पुतला दहन कर विरोध जताया। कांग्रेसियों ने इसे हिंदू धर्म की आस्था के साथ खिलवाड़ बताते हुए भाजपा सरकार को आड़े हाथों लिया।मंगलवार को कांग्रेस देवप्रयाग जिलाध्यक्ष उत्तम सिंह असवाल की अगुवाई में प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि उत्तराखंड के मुख्यमंत्री द्वारा केदारनाथ धाम से शिला ले जाकर दिल्ली में भूमि पूजन कर बयान देना कि अब केदारनाथ के दर्शन दिल्ली में होंगे, बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। कहा कि सीएम के बयान ने भाजपा की कथनी व करनी को दिखाकर यह साबित कर दिया कि भाजपा हिंदू विरोधी पार्टी है। भाजपा ने हिंदुओं की आस्था के साथ खिलवाड़ किया है।

## नियमावली बनाए जाने का किया स्वागत

नई टिहरी। प्राथमिक शिक्षक संघ ने एससीईआरटी और डायट की नियमावली बनाए जाने का स्वागत करते हुए सरकार से इसमें प्राथमिक शिक्षकों को भी शामिल करने की मांग की है। संघ के जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह नेगी, मंत्री प्रीतम सिंह ने शिक्षा मंत्री डॉ.धन सिंह रावत, महानिदेशक को बंशीधर तिवारी को ज्ञापन भेजकर इस पर कार्यवाही करने की मांग की है। कहा कि नियमावली नई शिक्षा नीति के अनुसार बनाई जाए। नियमावली के इस ढांचे में शामिल करने के लिए योग्यता जो भी रखी जाए, लेकिन उसमें ग्रेड वेतन के साथ ही अनुभव को वरीयता दी जाए। प्राथमिक और उच्च प्राथमिक शिक्षक शिक्षा को समय-समय पर संवर्द्धन के लिए इस ढांचे में आनुभविक दक्षता को पर्याप्त स्थान दिया जाना चाहिए।

## संक्षिप्त खबरें

### सावन शुरू होते ही बाबा केदार को अर्पित किया पहला ब्रह्मकमल

रुद्रप्रयाग। सावन शुरू होते ही केदारनाथ में बाबा केदार को ब्रह्मकमल चढ़ाया जाने लगा है। बदरी-केदार मंदिर समिति ने पहला ब्रह्मकमल बाबा केदार को अर्पित करते हुए विश्व कल्याण, सुख शांति और समृद्धि की कामना की। वहीं, अब केदारनाथ में भगवान आशुतोष को ब्रह्मकमल, बेलपत्र चढ़ाने के साथ ही जलाभिषेक को लेकर शिव भक्त पहुंचने लगे हैं। हर साल हिमालय की ऊंचाई वाले स्थानों से ब्रह्मकमल को लाकर भगवान शिव को चढ़ाया जाता है। इस बार भी बदरी-केदार मंदिर समिति की ओर से सावन के पहले दिन ब्रह्मकमल बाबा केदार के चरणों में अर्पित किया गया।

### पानी और पर्यावरण बचाने को करना होगा पौधारोपण: कल्याण सिंह

रुद्रप्रयाग। पर्यावरण को समर्पित हरेला पर्व जनपद में मंगलवार को हर्षोल्लास के साथ शुरू हुआ। इस मौके पर एक पेड़ मां के नाम अभियान में जिलाधिकारी सौरभ गहरवार, मैती आंदोलन के प्रणेता पद्मश्री कल्याण सिंह रावत, प्रभागीय वनाधिकारी अभिमन्यु, मुख्य विकास अधिकारी डॉ जीएस खाती सहित अनेक अधिकारी कर्मचारियों ने भाग लेते हुए पौधारोपण किया। साथ ही एक दूसरे को हरेला की बधाई दी। मुख्यालय स्थित जवाड़ी बाईपास में अनेक प्रजाजियों के पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए मैती आंदोलन के प्रणेता पद्मश्री कल्याण सिंह रावत ने कहा कि जिस तरह से दिन प्रतिदिन भू-जल स्तर कम होता जा रहा है, वह एक चिंता का विषय है। इसलिए हमें पानी और पर्यावरण को बचाना होगा। जिसके लिए अधिक से अधिक पौधे रोपित करने की आवश्यकता है, जिससे आने वाली पीढ़ी को पानी व आक्सीजन की कमी से जूझना न पड़े। जिलाधिकारी सौरभ गहरवार ने कहा कि सभी को समर्पित भाव से प्रकृति संरक्षण की दिशा में आगे बढ़ना होगा और आने वाली पीढ़ी को शुद्ध पर्यावरण मिले, इसके लिए पर्यावरण संरक्षण में सभी की जिम्मेदारी सुनिश्चित हो। कार्यक्रम में शामिल हुए स्कूली छात्र-छात्राओं से संवाद करते हुए पौधारोपण एवं पेड़ों के संरक्षण की महत्ता पर सवाल-जवाब भी किए। प्रश्नों के सही उत्तर देने वाले छात्रों को जिलाधिकारी ने पौधा भेंट कर सम्मानित किया।

### सीएम से वार्ता के बाद केदारनाथ में तीर्थपुरोहितों का धरना खत्म

रुद्रप्रयाग। दिल्ली में केदारनाथ के प्रतीकात्मक मंदिर निर्माण को लेकर चल रहा तीर्थपुरोहितों का धरना सोमवार देर रात मुख्यमंत्री से वार्ता के बाद खत्म हो गया। केदारसभा के अध्यक्ष राजकुमार तिवारी की मुख्यमंत्री से फोन पर इस संबंध में वार्ता हुई। अध्यक्ष तिवारी ने दावा किया कि दिल्ली में बन रहे मंदिर में केदारनाथ का नाम और स्वरूप उपयोग नहीं होगा। दिल्ली में दस जुलाई को मंदिर के शिलान्यास के बाद केदारनाथ में तीर्थपुरोहितों का विरोध शुरू हो गया था। केदारनाथ और ऊखीमठ में विरोध प्रदर्शन का दौर जारी था। सोमवार देर रात मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की केदारसभा सभा अध्यक्ष राजकुमार तिवारी से फोन पर करीब दस मिनट की बातचीत हुई। जिसके बाद तीर्थपुरोहितों ने आंदोलन खत्म कर दिया।

### धूमधाम से मनाया हरेला पर्व

चमोली। कर्णप्रयाग। कस्बे सहित आसपास क्षेत्र में हरेला पर्व धूमधाम से मनाया गया। जंगलों को बचाकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया। अदालत परिसर, डिग्री कॉलेज में पौधे रोपे गए। झिरकोटी के ग्रामीणों ने पांच हेक्टेयर भूमि में औषधीय पौधों का रोपण किया। वहीं, सरपंच संगठन के जिलाध्यक्ष कैलाश खंडूरी ने सरकार से सरपंचों को जंगल में आग बुझाने के लिए उपकरण दिए जाने की मांग की।

# वृक्षारोपण के बाद मां की तरह पौधे का रखें ध्यान : मंत्री गणेश जोशी






न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 17 जुलाई : सुबे के कृषि मंत्री गणेश जोशी ने पर्यावरण को समर्पित लोकपर्व हरेला के अवसर पर देहरादून में विभिन्न स्थानों पर विभिन्न प्रजाति के फलदार पौधों का रोपण कर मंत्री गणेश जोशी ने सभी संस्थाओं और आम जन को वृक्ष लगाने के उपरांत उसके संवर्धन के लिए आवाहन किया और पौधे के संवर्धन के लिए सभी को संकल्प भी दिलाया।

कृषि मंत्री गणेश जोशी ने गढ़ी कैंट डाकरा में स्थानीय लोगों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इसके उपरांत मंत्री गणेश जोशी ने रेशम विभाग द्वारा आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में देहरादून पंडितवाड़ी स्थित रेशम केंद्र में भी विभिन्न किस्म के फलदार वृक्ष का रोपण कर किसानों को पौधों का वितरण भी किया इसके अतिरिक्त मंत्री गणेश जोशी ने सहस्त्रधारा में हरेला के अवसर पर ग्राम विकास विभाग द्वारा आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में प्रतिभाग कर विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण भी किया।

इस अवसर पर कृषि मंत्री गणेश जोशी ने प्रदेशवासियों को हरेला पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हरेला का अर्थ दरअसल हरियाली से है यह त्योहार हरियाली और नई ऋतु के शुरू होने का सूचक है। कृषि मंत्री ने कहा मान्यताओं के अनुसार हरेला जितना बड़ा होगा, किसान को उसकी फसल में उतना ही ज्यादा लाभ मिलेगा। मंत्री ने कहा हरेला पर्व हमारे पर्यावरण और संस्कृति से जुड़ा हुआ त्यौहार है। यह त्यौहार संपन्नता हरियाली पशुपालन और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देता है। उन्होंने कहा श्रावण मास में हरेला पूजने के उपरांत पौधे लगाए जाने की भी प्रदेश की परंपरा रही है। मंत्री ने कहा एक वृक्ष लगाना दस पुत्रों के समान है। उन्होंने कहा लोकपर्व हरेला पर प्रदेश भर में विभिन्न संस्थाओं एनजीओ और आम जन की सहभागिता के माध्यम से फलदार पौधा का रोपण किया जा रहा है।

उन्होंने कहा राज्य सरकार द्वारा 02 करोड़ विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण का लक्ष्य रखा गया है। कृषि मंत्री ने कहा उद्या, ग्राम्य विकास और रेशम विभाग द्वारा संयुक्त रूप से 17.50 लाख से अधिक पौधों का वृक्षारोपण का लक्ष्य रखा गया है। जिसके क्रम में आज प्रदेशभर में पौधों का रोपण किया जा रहा है। मंत्री गणेश जोशी ने कहा वृक्ष लगाने के बाद उसके संवर्धन की जिमेदारी महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने सभी संस्थाओं और आम जन को वृक्ष लगाने के बाद उसके संवर्धन का भी आवाह्नन किया। इस अवसर पर मंत्री गणेश जोशी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के एक पेड़ मां के नाम अभियान में मां के सम्मान में एक वृक्ष लगाने का भी आव्हान किया। उन्होंने वृक्षारोपण के उपरांत उसके संवर्धन के लिए पौधे का मां की भांति ही देखभाल करने की अपील भी की और सभी को वृक्षों के रोपण के बाद उनके संवर्धन का भी संकल्प दिलाया। इस दौरान मंत्री गणेश जोशी ने देहरादून के ग्राम पंचायत धनौला स्थित प्लास्टिक कचरा प्रबंधन केंद्र के परिसर में भी वृक्षारोपण किया। मंत्री ने प्लास्टिक कचरा प्रबंधन केंद्र में महिलाओं द्वारा किए जा रहे अभिनव प्रयोग की भी सराहना की।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी झरना कमठान, जिला पंचायत सदस्य वीर सिंह चौहान, विष्णु प्रसाद गुप्ता, अजीत चौधरी, ब्लॉक प्रमुख ममता देवी, इतवार सिंह रमोला, ग्राम प्रधान नसीमा, बीडीसी धीरज थापा, पूर्व जिलाध्यक्ष शमसेर सिंह पुंडीर, मण्डल अध्यक्ष ज्योति कोटिया, नारायण सिंह राणा, कृपाल जवाड़ी, अरविंद टोपवाल, शांति बिजलवान, मंजीत रावत, रेशम विभाग निदेशक प्रदीप कुमार, छावनी परिषद देहरादून के सीईओ हरेन्द्र सिंह, प्रभा शाह, मनोज छेत्री, सुनीता चौधरी, हरीश कुमार आदि उपस्थित रहे।

# हरेला मतलब प्रकृति की हरियाली जीवन की खुशहाली : मुफ्ती शमून कासमी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 17 जुलाई : उत्तराखंड मदरसा शिक्षा बोर्ड ने हरेला त्यौहार के उपलक्ष्य में एक विशेष पौधरोपण अभियान सफलतापूर्वक पूरा किया। यह कार्यक्रम मदरसा अनुवारुल हक जूनियर हाई स्कूल मेहुवाला और मदरसा फ़ैज़-ए-हिदायत, मेहूवाला देहरादून में हुआ। हरेला उत्तराखंड में एक प्रिय त्योहार है, जो प्रकृति के साथ समृद्धि और सद्भाव का प्रतीक है। इस परंपरा का सम्मान करने के लिए, उत्तराखंड मदरसा शिक्षा बोर्ड ने बड़े पैमाने पर






पौधरोपण अभियान का आयोजन किया, जो पर्यावरणीय स्थिरता और हमारे क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत के प्रति हमारे समर्पण को दर्शाता है।उत्तराखंड मदरसा शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष मुफ्ती शमून कासमी के निर्देश पर, राज्य भर के विभिन्न मदरसों के छात्रों और कर्मचारियों ने हजारों पौधे लगाने के लिए हाथ मिलाया। इस पहल का उद्देश्य हरित आवरण को बढ़ाना, पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देना और हमारे समुदाय के पारिस्थितिक कल्याण में योगदान करना है।

उत्तराखंड मदरसा शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष मुफ्ती शमून कासमी ने इस आयोजन के प्रति अपना उत्साह साझा किया: ?हरेला महोत्सव प्रकृति के साथ हमारे बंधन का एक गहरा अनुस्मारक है। इस वृक्षारोपण अभियान के माध्यम से, हमने अपने बीच पर्यावरणीय जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देने की कोशिश की है।? छात्र और समुदाय। हमें इस हरित पहल के लिए इतनी उत्साही भागीदारी और समर्थन देखकर खुशी हुई।?छात्रों से बातचीत करते हुए मुफ्ती शमून कासमी ने कहा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जी के गतिशील नेतृत्व में, राज्य ने शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक विकास सहित विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रगति देखी है। उत्तराखंड के बेहतर भविष्य को बढ़ावा देने की उनकी प्रतिबद्धता उनके प्रशासन के तहत शुरू की गई कई पहलों और कार्यक्रमों से स्पष्ट है।हाल की 2024 मदरसा बोर्ड परीक्षाओं में 96.23 प्रतिशत की उल्लेखनीय उत्तीर्ण दर के साथ छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन। यह उपलब्धि हमारे छात्रों और शिक्षकों की कड़ी मेहनत और समर्पण का प्रमाण है। हम माननीय मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जी को उनके अटूट समर्थन और दूरदर्शी नेतृत्व के लिए हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं, जो अकादमिक उत्कृष्टता के लिए अनुकूल माहौल बनाने में सहायक रहे हैं।





## पौड़ी पुलिस ने पेड़ लगाओ, जीवन बचाओ का लिया संकल्प

पौड़ी 17 जुलाई : "हरेला पर्व" के अवसर पर "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी लोकेश्वर सिंह द्वारा फलदार वृक्ष का वृक्षारोपण किया गया। साथ ही उपस्थित सभी पुलिस कर्मियों को वृक्षारोपण की महत्ता को समझाते हुये विश्व हरेला दिवस के अवसर पर पर्यावरण को जीवनशैली का अभिन्न अंग बताते हुए पर्यावरण को साफ-सुथरा रखने एवं हरा-भरा बनाने के लिए अपनी सहभागिता निभाते हुए स्वयं इसकी शुरूआत करते हुए वृक्षारोपण के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही जया बलोनी, अपर पुलिस अधीक्षक कोटद्वार द्वारा कोतवाली कोटद्वार एवं अनुज कुमार क्षेत्राधिकारी सदर पौड़ी द्वारा पुलिस लाईन पौड़ी में वृक्षारोपण किया गया। इसी प्रकार जनपद के समस्त थाना प्रभारियों, अभिसूचना, फायर, संचार आदि शाखाओं के द्वारा एक-एक पेड़ अपनी माँ के नाम समर्पित करते हुए उसके वृक्ष बन जाने तक उसकी सुरक्षा एवं देखभाल करने का प्रण लेकर कर वृक्षारोपण किया गया।

# उत्तराखंड : नेशनल लेबल प्लेयर्स का सफर होगा आसान : रेखा आर्या

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 17 जुलाई : अब राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले खिलाड़ी अब वातानुकूलित बसों और ट्रेन के थर्ड एसी कोच में यात्रा करने की सुविधा प्रदान होगी, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री रेखा आर्या ने यह आदेश जारी कर दिया है ।खेल और युवा कल्याण मंत्री रेखा आर्य ने ऐलान किया कि सरकार ने राष्ट्रीय खिलाड़ियों की सुविधाओं को बढ़ाने के निर्देश जारी कर हैं।

उन्होंने बताया कि पहले राज्य के राष्ट्रीय खिलाड़ियों को साधारण बसों या स्लीपर ट्रेन में यात्रा करनी पड़ती थी। अब सरकार ने खिलाड़ियों की यात्रा में आ रही समस्याओं के समाधान के लिए एक नया शासनादेश जारी किया है। खेल मंत्री ने कहा कि निश्चित रूप से राज्य के खिलाड़ियों को अब पहले जैसी यात्रा समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ेगा और मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार ने खिलाड़ियों के लिए कई





महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं।इसके साथ ही प्रतिदिन भोजन भत्ता और अन्य खर्च की राशि भी बढ़ा दी गई है। पहले किराए के साथ आयोजन स्थल की यात्रा अवधि और वापसी के लिए प्रति 24 घंटे 150 रुपये भोजन भत्ता और 100 रुपये अन्य खर्च के रूप में दिए जाते थे, जबकि अब भोजन भत्ते को 150 से बढ़ाकर 250 रुपये कर दिया गया है।

# अल्मोड़ा : अभिभावकों ने नाबालिग बच्चों को थमाई -स्कूटी, कटे 25-25 हजार के चालान

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

अल्मोड़ा 17 जुलाई : यदि आपका नाबालिग बच्चा भी स्कूटी या अन्य वाहन चला रहा है, तो उसे तुरंत रोकें। नहीं तो आपको हजारों रुपये का चालान भरना पड़ सकता है, क्योंकि पुलिस एमवी एक्ट के तहत नाबालिगों को वाहन चलाते पकड़े जाने पर अभिभावकों के खिलाफ मोटा चालान कर रही है ।पुलिस लगातार अभिभावकों को अपने नाबालिग बच्चों को किसी भी प्रकार का वाहन देने से मना कर रही है, लेकिन वे लापरवाही करके उन्हें वाहन दे रहे हैं।

परिणामस्वरूप पुलिस को मजबूरन चालान जारी करना पड़ रहा है। पहला मामला अल्मोड़ा जनपद के रानीखेत का है जहाँ पर पुलिस मजखाली में चेकिंग कर रही थी, तभी उन्होंने एक उम्र में कम प्रतीत होते युवक को रोका जब पुलिस ने जाँच की तो वह नाबालिग निकला उसकी उम्र 16 वर्ष 5 महीना पाई गई। ऐसे में पुलिस ने वाहन को सीज कर दिया और





अभिभावक को मौके पर बुलाकर धारा 199 ए एमवी एक्ट के तहत 25 हजार रुपए का कोर्ट चालान किया गया। साथ ही काउंसलिंग करते हुए बच्चे को भविष्य में वाहन न देने की हिदायत दी है। दूसरा मामला जनपद पिथौरागढ़ का है जहाँ पर पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान 18 वर्ष से कम आयु के एक किशोर को टू व्हीलर चलाते हुए पकड़ा, पुलिस ने वाहन को सीज करते हुए अभिभावकों को थाने में बुलाया और दोनों की काउंसलिंग करते हुए 25 हजार का चालान काटा। इसलिए आप भी अपने नाबालिग बच्चों को कोई भी वाहन देने से सावधान रहें। मोटर वाहन अधिनियम के तहत नाबालिग को वाहन देना अपराध है।

# देहरादून : नौकरी का झांसा देकर एक ही परिवार के 5 लोगों को लगाया लाखों का चूना

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 17 जुलाई : एक फर्म में काम करने वाली युवती को फर्म की मालिक ने ही चूना लगा दिया, सिंगापुर में नौकरी का झांसा दिलाने के नाम पर युवती के साथ-साथ उसके परिवार के लोगों से भी फर्जीवाड़ा किया गया। पुलिस में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है ।सोनिका रायपुर निवासी ने पुलिस में शिकायत करते हुए बताया है कि वह ईसी रोड करनपुर के एक फर्म के ऑफिस में जॉब करती थी।

एक दिन फर्म के मालिक ने उसे बताया कि सिंगापुर में एक कंपनी में पाँच वेकेंसी खाली है। पीड़िता ने उसपर विश्वास करते हुए नौकरी के लिए अपने ही परिवार के पाँच सदस्यों की फाइल सिंगापुर के लिए लगा दी। आरोपी ने रजिस्ट्रेशन शुल्क ने नाम पर प्रत्येक व्यक्ति से एक-एक लाख रुपये अकाउंट में जमा करवाए और भरोसा दिलाया कि वह जल्द ही सिंगापुर का वर्क वीजा उन्हें दिलवा देगा ।पीड़िता ने एक और खुलासा करते हुए बताया है कि आरोपी ने उसी की तरह एक




अन्य युवती स्वाति कुमारी निवासी चंद्रबनी को भी ठगी का शिकार बनाया है। आरोपी ने उसके भाइयों को सिंगापुर में नौकरी लगवाने के नाम पर ढाई लाख रुपये की धोखाधड़ी की है। इसके अलावा आरोपी अपने ऑफिस से अन्य कई लोगों के साथ ठगी कर चुका है। इस फ्रॉड में आरोपी के साथ उसकी मुंहबोली बहन और अन्य लोगों ने उसका साथ दिया है। पीड़िता की शिकायत पर एसएसपी अजय सिंह ने धोखाधड़ी के आरोप में फर्म संचालक के खिलफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करने की मांग की है और बताया कि जाँच के बाद तथ्य सामने आने पर उसी के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### लोकपर्व हरेला पर पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

नई टिहरी। जिला प्रशासन की ओर से भोनाबागी, पुलिस लाइन, पुरसोल गांव और केमसारी में आयोजित किए गए। डीएम मयूर दीक्षित, सीडीओ डॉ. अभिषेक त्रिपाठी, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश नौटियाल ने पौधरोपण कर हरेला कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम में डीएफओ पुनीत तोमर, एडीएम केके मिश्र, एएसपी जेआर जोशी, डीडीओ मोहम्मद असलम, पीडी डीआरडीए योगेश उपाध्याय , चंबा प्रमुख शिवानी बिष्ट, जाखणीधार सुनीता देवी, मंडल अध्यक्ष संदीप रावत, जिला मीडिया प्रभारी डॉ. प्रमोद उनियाल, युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष गौरव गुसाईं, एसडीएम संदीप कुमार, वन क्षेत्राधिकारी आशीष डिमरी, क्षेपंस पंकज बरवाण आदि ने पौधे लगाए। वहीं, केंद्रीय विवि परिसर बादशाहीथौल में प्रभारी निदेशक प्रो. मनमोहन सिंह नेगी, सुनीता गोदयाल, पीडी सेमल्टी, वाईबी थपलियाल, हंसराज बिष्ट, दिनेश नेगी आदि ने पौधरोपण किया।

### क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया में दमखम दिखाएगी राघवी बिष्ट

नई टिहरी। ऑस्ट्रेलिया-ए और इंडिया-ए के बीच सात अगस्त से शुरू हो रही क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए चयनकर्ताओं ने 18 सदस्यीय टीम चयन किया है। टीम वन डे और टी-20 मुकाबले खेलेगी। भारतीय टीम में उत्तराखंड की खिलाड़ी राघवी बिष्ट का नाम भी शामिल है। राघवी कुछ सालों में क्रिकेट की नई सनसनी बनकर उभरी हैं। राघवी ने 2022 में अंडर-19 प्रतियोगिता में नागालैंड के खिलाफ 154 गेंदों पर 219 रनों की पारी खेलकर सभी का ध्यान खींचा था। 2023 में गुजरात के खिलाफ उत्तराखंड की टीम को जीत दिलाई थी। राघवी सलामी बल्लेबाज के साथ ऑफ स्पिनर गेंदबाज हैं।

### कीर्तिनगर के न्यूनीसैंण में देवप्रयाग विधायक ने किया पौधरोपण

श्रीनगर गढ़वाल। नगर पंचायत कीर्तिनगर की ओर से लोकपर्व हरेला के अवसर पर मंगलवार को विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गए। मुख्य अतिथि देवप्रयाग विधायक विनोद कंडारी ने कहा कि आज के दिन प्रकृति पूजन कर धरा को हरा-भरा किया जाता है। उन्होंने हरेला मनाने की मान्यता के बारे में बताया। इस दौरान नगर पंचायत के निवर्तमान अध्यक्ष कैलाशी जाखी, तहसीलदार एमएस बर्त्वाल, ईओ सुधीर कुमार, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष प्रमेन्द्र पंवार, रणजीत सिंह जाखी, विपिन भंडारी, विकास दुमागा, जगतम्बा कुमाई, प्रियंका भट्ट, आशा पैन्यूली, कुलदीप रावत आदि मौजूद रहे।

### सुख-समृद्धि का प्रतीक है हरेला पर्व

श्रीनगर गढ़वाल। श्रीनगर गढ़वाल। राजकीय मेडिकल कॉलेज और बेस चिकित्सालय में मंगलवार को पौधे रोपकर उनके संरक्षण का संकल्प लेकर हरेला पर्व मनाया गया। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सीएमएस रावत ने कहा सामाजिक सद्भाव और सुख-समृद्धि का हरेला पर्व प्रतीक माना जाता है। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजेय विक्रम सिंह ने कहा कि हरेला पर्व पहाड़ की समृद्ध लोक संस्कृति की पहचान है। जो प्रकृति के संरक्षण एवं संवर्द्धन का संदेश देता है। बेस अस्पताल परिसर में रोपे गए पौधों की जिम्मेदारी प्रत्येक कर्मचारी को दी गई, जिससे बेस अस्पताल में रोपे गये पौधे सुरक्षित रहें।

### गढ़वाल विवि में प्रवेश प्रक्रिया की तैयारियों को लेकर हुई चर्चा

श्रीनगर गढ़वाल। हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि के नए सत्र की तैयारियों को लेकर मंगलवार को गढ़वाल विवि के अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. महावीर सिंह नेगी की अध्यक्षता में बैठक हुई। 25 जुलाई से शुरू होने वाले सत्र के लिए विभिन्न शैक्षणिक तैयारियों और स्नातक, परास्नातक और पीएचडी प्रवेश को लेकर चर्चा हुई। साथ ही प्रवेश को लेकर डीएसडब्ल्यू बोर्ड के सभी सदस्यों को जिम्मेदारियां सौंपी गई। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. महावीर सिंह नेगी ने कहा कि इस बार समर्थ पोर्टल से सभी प्रवेश पंजीकरण होगें। जिसकी प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। पीजी की प्रवेश परीक्षा का परीक्षाफल आते ही प्रवेश प्रारम्भ होंगे।

### श्रीनगर में हरेला पर्व पर विभिन्न स्थानों पर हुआ वृक्षारोपण

श्रीनगर गढ़वाल। उत्तराखंड का लोक पर्व हरेला मंगलवार को श्रीनगर में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सरकारी और गैर संस्थानों सहित नगर क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर एक पेड़ मां के नाम थीम के तहत व्यापक स्तर पर पौधरोपण किया गया। इस मौके पर लोगों ने पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने का आह्वान किया ।नगर निगम श्रीनगर में सहायक नगर आयुक्त रविराज बंगारी, स्टाप टीयर्स संस्था के सहयोग से खंड शिक्षा अधिकारी खिर्सू, मेडिकल कालेज श्रीनगर, उपजिला चिकित्सालय, सिंचाई विभाग, प्राथमिक विद्यालय गहड़, प्राथमिक विद्यालय देवलगढ़, खंडाह, दिगोल्यूँ, जनासू, नकोट, धनचड़ा, देवस्थली पीजी कालेज ऑफ़ बायोमेडिकल साइंस एंड रिसर्च नर्सिंग कालेज देहलचौरी, न्यायालय परिसर आदि स्थानों पर आम, पीपल, जामुन, काफल, तिमला, बांज, कचनार सहित अन्य छायादार, औषधीय और फलदार पौधों का रोपण किया गया।

### सोमवार की देर रात्री चट्टान टूटने से दो मजदूर दबे, एक की मौत

चमोली। भारी बारिश के कारण मारवाडी पुल के निकट पुरानी सड़क में सोमवार की देर रात लगभग डेढ़ बजे चट्टान टूटने से एक नेपाली मूल के व्यक्ति की मलबे में दबने से मौत हो गई है। जबकि दूसरे व्यक्ति को रेस्क्यू दल ने सुरक्षित बाहर निकाला। जिसका उपचार सीएचसी जोशीमठ में चल रहा है। डॉक्टरों के अनुसार मजदूर की हालत स्थिर बनी हुई है। कोतवाल राकेश चन्द्र भट्ट ने बताया कि सोमवार की रात जोशीमठ में हुई भारी बारिश के कारण मारवाड़ी पुल के निकट पुरानी सड़क में बने एक खोखे में रात भारी चट्टान टूटकर आई। भारी मलबा आने से यह खोखा मलबे में दब गया। बताया कि इसमे रह रहे 6 लोगों ने तो किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई। लेकिन दो लोग दब गए। जैसे ही पुलिस को इसकी सूचना मिली तो पुलिस रैस्क्यू टीम, एसडीआरएफ और 108 मौके पर पहुंची।

### नारायणबगड़ में पुलिस चलाया सघन चेकिंग अभियान

चमोली। थराली थाना क्षेत्र के अंतर्गत नारायणबगड़ प्रखंड के नौपाणी के समीप पुलिस के द्वारा इन दिनों लगातार सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। थानाध्यक्ष थराली देवेंद्र कुमार पंत ने बताया कि सड़कों पर बिना हेलमेट, बिना कागजातों के अनेक वाहन चल रहे हैं। वहीं नाबालिगों के द्वारा भी वाहनों को संचालित किया जा रहा है। कुछ लोगों के द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने की सूचना मिली है। थानाध्यक्ष ने बताया कि नारायणबगड़ के समीप नौपाणी में पुलिस के द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया गया जिसमें कई वाहनों के चालान काटे गए और जुर्माना वसूला गया।

# सीएस रतूड़ी ने हरेला पर्व के अवसर पर अमलतास का वृक्षारोपण किया

■ सीएस राधा रतूड़ी ने सभी प्रदेशवासियों विशेष रूप से युवाओं से हरेला के अवसर पर वृक्षारोपण करने की अपील की

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 17 जुलाई : उत्तराखंड के लोकपर्व हरेला के अवसर पर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने देहरादून के भागीरथ पुरम में एमडीडीए द्वारा आयोजित कार्यक्रम में वृक्षारोपण किया। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने अमलतास (Golden Shower Tree ) के पौधे का वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर हरेला पर्व की शुभकामनाएं देते हुए मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने प्रदेशवासियों से विशेषकर युवाओं से वृक्षारोपण की अपील की है। कार्यक्रम के दौरान सीएस रतूड़ी ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड का यह लोकपर्व विश्व एवं मानव जगत को पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली से खुशहाली का संदेश देता है।मुख्य सचिव ने सभी लोगों से हरेला पर्व के अवसर पर ₹एक पेड़ मां के नाम₹ कार्यक्रम के तहत वृक्षारोपण करने तथा वृक्षारोपण की फोटो व जानकारी merilife.org पर अपलोड करने का अनुरोध किया है।



## पौड़ी में गढ़वाल इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज का हुआ शुभारंभ

पौड़ी। मंडल मुख्यालय पौड़ी के ग्राम क्यार्क में श्री शत चंडी जन कल्याण समिति की ओर से मंगलवार को गढ़वाल इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज का शुभारंभ किया गया। शुभारंभ अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रमेश कुंवर ने किया। एसीएमओ ने कहा कि यह समिति की ओर से पैरामेडिकल क्षेत्र में उच्च शिक्षा प्रदान करने का एक सराहनीय कार्य है। जिस तरह से पहाड़ों से लगातार पलायन हो रहा है। उसको देखते हुए संस्था का यह प्रयास लोगों को भी रिवर्स माइग्रेशन के लिए प्रेरित करने का काम करेगा। संस्थान के चेयरमैन कवींद्र इष्टवाल ने इसकी शुरूआत ऑप्टोमेट्री डिप्लोमा कोर्स के साथ ही गई थी, जो अब पैरामेडिकल सांइसेज कोर्सों तक पहुंच गया है। इस दौरान संस्था के महासचिव नृपेश तिवारी, सुरेश बहुगुणा, सुनील थपलियाल, अजय रतूड़ी आदि मौजूद रहे।

## जीआईसी हवालबाग में हुआ वृक्षारोपण

अल्मोड़ा। हरेला पर्व के अवसर पर पीएम श्री राजकीय आदर्श इंटर हवालबाग में थीम पर्यावरण रखवाली, घर घर हरयाली, लाए समृद्धि और ख़ुशहाली पर आधारित सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य डा कपिल नयाल ने हरेला पर्व पर वृक्षारोपण के महत्व पर प्रकाश डाला एवं विद्यार्थियों और शिक्षकों के साथ बांज, मोर पंख, माल्टा, पाँगर, अमरूद, उतीश, तेजपत्ता, हरड़ आदि के लगभग 50 पौधों को रोपित किया एवं साथ ही इनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी भी विद्यार्थियों के समूहों को प्रदान की। इस अवसर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम में संजय पाण्डे, टी डी भट्ट, निर्मल कुमार पंत, प्रदीप सलाल, धन सिंह धौनी, प्रमोद पाण्डे, भगवत सिंह बगडवाल, नवीन वर्मा, सुनीता बोरा, सुमन पाठक, भावना वर्मा, हिमांती टम्टा, मोनिका जोशी व विद्यार्थियों ने सहयोग प्रदान किया।

## नंदादेवी मेले की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित

अल्मोड़ा। ऐतिहासिक नंदा देवी मेला 2024 को लेकर नंदादेवी मंदिर समिति की एक बैठक गीता भवन में आयोजित की गई। बैठक में 2024 में होने वाले मेले को लेकर मंदिर समिति के पदाधिकारियों द्वारा विचार विमर्श किया गया। जिसमे तय हुआ कि आगामी 17 जुलाई को अल्मोड़ा नगर के संभ्रांत नागरिकों व सामाजिक लोगों की एक आम बैठक अयोजित की जाएगी और मेला समितियों का गठन किया जाएगा। 2024 में होने वाले इस मेले का शुभारंभ 8 सितम्बर पंचमी के दिन होगा और 15 सितम्बर को माँ नंदा सुननन्दा की शोभा यात्रा निकाली जाएगी। 11 सितम्बर को अष्टमी के दिन राजपरिवार द्वारा माँ नंदा सुनन्दा की भव्य व दिव्य पूजा अर्चना की जाएगी, साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों को भी किया जाएगा। मेले को भव्य बनाने को लेकर भी समिति द्वारा रूपरेखा तैयार करने की चर्चा की गई। इसके साथ ही आगामी 2026 में होने वाली नंदा राजजात की तैयारियों को लेकर भी चर्चा की गई। बैठक में मनोज कुमार वर्मा अध्यक्ष नंदादेवी मंदिर समिति, किशन चंद्र गुरुरानी, जीवन गुप्ता, मनोज सनवाल, अनूप साह, हरीश बिष्ट, तारा चंद्र जोशी पुजारी, अर्जुन बिष्ट, नरेंद्र वर्मा, कुलदीप सिंह मेर, रवि गोयल आदि लोग उपस्थित रहे।

## हरेला पर्व पर मल्ला घोरपट्टा में किया पौधरोपण

पिथौरागढ़। हरेला पर्व पर मुनस्यारी के ग्राम पंचायत मल्ला घोरपट्टा में पौंधरोपण किया गया गया। कार्यक्रम में प्रधान मनोज सिंह मर्तोलिया की उपस्थिति में विभिन्न प्रजातियों के 500 पौधे रोपित किए गए। पौधरोपण कार्यक्रम में महिला स्वयं सहायता समूह व आमजन ने बांज, देवदार, सुरई, अंगूर सहित अन्य प्रजाति के पौधे लगाए। इस दौरान प्रधान मर्तोलिया ने बताया कि ग्राम पंचायतों व मनरेगा की ओर से 15 अगस्त तक पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान विभिन्न विद्यालयों के छात्रों ने भी पौधरोपण कर पर्यावरण संकल्प की शपथ ली। कार्यक्रम में उप कार्यक्रम अधिकारी प्रकाश जोशी, ग्राम विकास अधिकारी विजेंद्र सिंह महर, एनआरएलएम के कर्मी मौजूद रहे।

## बलुवाकोट पुलिस ने स्कूटी चोर पकड़ा

पिथौरागढ़। धारचूला निगालीपानी से चोरी हुई स्कूटी सहित चोर को पुलिस ने पकड़ लिया है। मंगलवार को पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक बीते रोज एक व्यक्ति ने स्कूटी संख्या यूके05एफ 1135 चोरी होने की शिकायत पुलिस को दी। बलुवाकोट बैरियर में चेकिंग के दौरान धारचूला की तरफ से आ रही स्कूटी को पुलिस ने रोका। जांच के दौरान उक्त वाहन चोरी हुई स्कूटी निकली। पुलिस ने स्कूटी संचालित कर रहे नेपाल दार्चूला निवासी इंद्र सिंह बोहरा को गिरफ्तार कर बीएनएसएस की धारा 35,160 व बीएनएस 317 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। टीम में थानाध्यक्ष मुनव्वर हुसैन, अपर उपनिरीक्षक नरेंद्र पाल, कांस्टेबल प्रभात कुमार, सुनील कुमार, होमगार्ड हरीश राम, प्रेम सिंह मौजूद रहे।

## गुरिल्ला संगठन की 22जुलाई को बैठक होगी

पिथौरागढ़। नगर में आगामी 22 जुलाई को गुरिल्ला संगठन की बैठक होगी। मंगलवार को संगठन के जिलाध्यक्ष सुरेंद्र राम ने बताया कि निर्धारित तिथि को प्रदेश के सभी 13जनपदों में बैठक होनी है। यहां देवसिंह मैदान में सुबह दस बजे से बैठक होगी। उन्होंने सभी सदस्यों से बैठक में शामिल होने की अपील की है।

## पर्यावरण को सुरक्षित रखने की जरूरत

पिथौरागढ़। मलान और थरकोट में पंचायत कर्मियों व स्थानीय लोगों ने मंगलवार को पौधरोपण किया। मलान में सहायक विकास अधिकारी पंचायत दीपक कुमार ने कहा कि पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए हमें पौधरोपण करना होगा। ग्रामीणों को पौंधे भी वितरित किए गए। यहां ग्राम प्रधान विमला देवी,जिला पंचायतराज अधिकारी हरीश आर्या,ग्राम पंचायत विकास अधिकारी चंद्रकांत जोशी,राजीव चौहान,देवराज सिंह मौजूद रहे। इधर थरकोट में खण्ड विकास अधिकारी नवीन चन्द्र तिवारी,सोनिका कोहली सहित अन्य ग्रामीणों ने पौधरोपण किया।

# संक्षिप्त खबरें

## गोपेश्वर में कई स्थानों पर पौधरोपण हुआ

चमोली। पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन के लिए लोकपर्व हरेला के अवसर पर मंगलवार को पूरे जनपद में व्यापक स्तर पर पौधारोपण अभियान शुरू किया गया। वन प्रभाग के तत्वावधान में राजकीय पॉलिटेक्निक रौली ग्वाड़ में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह सहित, जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं, विभागीय अधिकारियो ने हरेला पर्व पर पौधारोपण किया। इस दौरान अखरोट, अनार, चूरा, हरड़, बहेडा, चंदन आदि प्रजाति के फलदार और सजावटी पौधे लगाकर उनके संरक्षण का संकल्प लिया गया। जनपद में सभी वन पंचायतों में भी हरेला पर्व पर पौधारोपण अभियान का आगाज हुआ। बदरीनाथ उप वन संरक्षक सर्वेश कुमार दुबे ने बताया हरेला पर्व पर पूरे जनपद में 1.30 लाख पेड़ लगाने का लक्ष्य रखा गया है।

## बदरीनाथ में तीर्थपुरोहितों ने किया प्रदर्शन

चमोली। मंगलवार को बदरीनाथ के ब्रह्म कपाल तीर्थ क्षेत्र में बड़ी संख्या में तीर्थ पुरोहित समाज, पंडा समाज और धर्म जगत से जुड़े लोगों ने दिल्ली में केदारनाथ के प्रतीकात्मक मंदिर निर्माण के विरोध में प्रदर्शन किया।तीर्थ पुरोहित समाज के संजय हटवाल, विवेक सती, सुमित सती, सतीश सती, कृष्णा सती, मोना हटवाल, प्रमोद हटवाल, ईश्वर नौटियाल, जेपी हटवाल, प्रभात सती ने कहा बारह ज्योतिर्लिंगों में एक ज्योर्तिलिंग केदार केदारनाथ धाम में है। यही शास्त्रीय मान्यता और सत्य है। केदारनाथ धाम के नाम अन्यत्र मंदिर निर्माण का विरोध किया जायेगा। बदरीनाथ में ही पंडा समाज ने भी केदारनाथ धाम मंदिर का निर्माण दिल्ली में किए जाने का प्रबल विरोध किया। इस मुद्दे पर सरकार के विरोध में नारे बाजी की गई।

## सिमली अस्पताल में चिकित्सकों की तैनाती हो

चमोली। बेस अस्पताल सिमली की समस्यायों को लेकर मंगलवार को क्षेत्रीय संघर्ष समिति की बैठक रामलीला मैदान सिमली में सम्पन्न हुई।बैठक में समिति के संरक्षक महेश डिमरी, अध्यक्ष पूर्व जिला पंचायत सदस्य देवेन्द्र नेगी, डॉ एसएस बहुगुणा, बिरेंद्र मिंगवाल, बिक्रम सिंह और भाष्कर डिमरी ने कहा कि महिला बेस चिकित्सालय में विशेषज्ञ डॉक्टर और अन्य सुविधाएं उपलब्ध नहीं है। सरकार और अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही के कारण रोगियों को अन्य अस्पतालों में उपचार के लिए जाना पड़ रहा है।

## शराब की दुकान खुलने के विरोध में आदिबदरी में हुआ प्रर्दशन

चमोली। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और महिलाओं ने मंगलवार को शराब की दुकान का विरोध करते हुये ताल चट्टी से आदिबदरी तक जुलूस निकालकर प्रदर्शन किया। तथा प्रभारी एसओ संपूणानंद जुयाल को ज्ञापन सौपते हुए दुकान बंद न होने की दशा में उग्र आंदोलन की चेतावनी दी।क्षेत्र पंचायत सदस्य नवीन बहुगुणा ने बताया कि बीते 20 जून को आचार संहिता के दौरान यहां शराब की उप दुकान खुली थी। उस दौरान भी विभाग को दुकान खुलने के विरोध के बावत अवगत करा दिया गया था। लेकिन दुकान यथावत खुली रहने पर मंगलवार को कस्बे में जलूस और प्रर्दशन करते हुए सरकार एवं आबकारी विभाग से तीन दिन के अंदर धार्मिक स्थान पर दुकान का संचालन बंद करने को कहा गया है। मांग पूरी न होने पर 20 जुलाई से उग्र आंदोलन करने का निर्णय लिया गया है। प्रदर्शन करने वालों में जिपंस विनोद नेगी, प्रधान भूपेन्द्र कुंवर मनोज कुंवर, भाजपा जिला उपाध्यक्ष गैणा सिंह रावत, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष कलम कोहली, दिनेश ट्म्टा, बलवंत भंडारी, बसंत शाह, कलावती देवी, शकुंतला बरमोला, पूनम खंडूडी, गुड्डी देवी आदि रहे।

## पौड़ी में अकेले रह रहे बुजुर्गो का हालचाल पूछ रही पुलिस

पौड़ी। एसएसपी पौड़ी लोकेश्वर सिंह ने सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में इस मुहिम को चलाने के निर्देश दिए हैं। बताया कि सतपुली, पौड़ी, रिखणीखाल, थलीसैण, यमकेश्वर में पुलिस टीमों ने अकेले रह रहे बुजुर्गो के घर जाकर उनसे मुलाकात की और उनका हालचाल जानकर उनकी समस्याओं को सुना। बुजुर्गों को मोबाइल और आपातकालीन नंबर डायल 112 दिया गया। एसएसपी ने बताया कि घर में अकेले रह रहे बुजुर्गों पर पौड़ी पुलिस की ओर से विशेष ध्यान दिया जा रहा है। जिससे उन्हें अकेला समझ कर आपराधिक तत्व कोई वारदात नहीं कर सकें और बुजुर्गों में भी सुरक्षा की भावना विकसित हो सके।

## पौड़ी में हर्षोल्लास के साथ मनाया हरेला पर्व

पौड़ी। जिले में मंगलवार को हरेला पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत जज कोर्ट के पास विभिन्न प्रजाति के पौधे रोपे गए। इससे पहले कंडोलिया पार्क में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान की ओर से वनाग्नि न्यूनीकरण और मानव वन्य जीव संघर्ष में उत्कृष्ट कार्य करने वाले दस वन पंचायत सरपंचों सहित 14 विभागीय कार्मिकों को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। वनाग्नि को रोकने में अपनी जान गंवाने वाले वन कर्मियों के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। कार्यक्रम में डीएम ने देवदार का पौधा रोपा। इसके साथ ही विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों और जनप्रतिनिधियों की ओर से भी विभिन्न प्रजाति के पौधे रोपे गए।

## कंडूली बड़ी में कृषि विभाग ने लगाएं दो हजार पेड़

पौड़ी। कृषि विभाग बीरोंखाल की ओर से हरेला पर्व पर कंडूली बड़ी में पौधरोपण किया गया। बीरोंखाल कृषि प्रभारी विनोद खुराना ने बताया कि नमसा योजना के तहत कंडूली बड़ी के ग्रामीणों ने नींबू, माल्टा, आड़ू, आंवला, मौसमी आदि विभिन्न प्रजाति के पौधे लगाए। ब्लॉक के स्कूल, कॉलेजों, सिविल सोमय स्यूंसी रेंज,धूमाकोट रेंज,पोखड़ा रेंज में हरेला पर्व पर विभिन्न गांवों में पौधे लगाए गए। इस दौरान प्रधान कंडूली सरिता देवी, रेखा देवी, रणवीर सिंह, कल्पा देवी आदि मौजूद रहे।

## डॉ. प्रमोद कुमार श्रोत्रिय को राष्ट्रीय उत्कृष्ट पुरस्कार मिला

पिथौरागढ़। सीमांत के वरिष्ठ साहित्यकार व शिक्षक डॉ. प्रमोद कुमार श्रोत्रिय को सन्तपाल सिंह राठौड़ स्मृति राष्ट्रीय उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान मिला है। इससे सीमांत के साहित्यप्रेमियों में खुशी की लहर है। रविवार को उन्होंने बताया कि बीते दिनों यूपी के बदायूं में राष्ट्रीय शिक्षक महाकुंभ का अयोजन हुआ। मुख्य संयोजक हरि प्रसाद सिंह राठौड़ ने उन्हें प्रशस्त्रि देकर सम्मानित किया। डॉ. श्रोत्रिय को सम्मान मिलने पर डॉ. पीतांबर अवस्थी, डॉ. आनंदी जोशी, मंजुला अवस्थी, ललित शौर्य, लक्ष्मी आर्या, आशा सौन, डॉ. नीरज चंद्र जोशी, अनीता जोशी, लोकगायिका भगवती दानपुरिया आदि ने खुशी जताई है।

# हरेला लोकपर्व में प्रशासन,वन विभाग और नगर पंचायत थराली ने किया वृक्षारोपण

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

चमोली 17 जुलाई : प्रशासन,वन विभाग, स्कूली बच्चों, विकासखंड थराली और नगर पंचायत थराली के अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा हरेला महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत तहसील परिसर थराली, कार्यालय बद्रीनाथ वन प्रभाग परिसर थराली, नगर पंचायत परिसर थराली, विकासखंड कार्यालय परिसर थराली में ₹एक पेड़ माँ के नाम₹ अभियान के अंतर्गत बांज, तेजपता, जामुन, अमरुद, फयाट,द्,धिला, दाड़ीम, देवदार सहित विभिन्न प्रजातियों के 300 पौधों का रोपण किया,इस अवसर पर उपस्थित लोगों को रोपित पौधों के संरक्षण की प्रतिज्ञा दिलवाई गई।

बद्रीनाथ वन प्रभाग थराली के वन क्षेत्राधिकारी हरीश थपलियाल ने कहा कि उत्तराखंड का प्रकृति से जुड़ा लोक पर्व हरेला हमें पर्यावरण को संरक्षित रखने का संदेश देता है, धरती के तापमान मे वृद्धि, बारिश की कमी सभी बिगड़ते पर्यावरण का प्रभाव है,हम सभी को अधिक से अधिक पौधरोपण करने के साथ ही पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेना है तभी हम आने वाली पीढ़ी को कुछ दे सकते है, इस अवसर पर वन विभाग, नगर पंचायत थराली और स्कूली बच्चों द्वारा पंजाब नेशनल बैंक थराली से तहसील परिसर थराली तक पर्यावरण संरक्षण हेतु जागरूकता रैली भी निकाली गई।

इस अवसर पर उपजिलाधिकारी थराली अबरार अहमद, हरीश थपलियाल वन क्षेत्राधिकारी बद्रीनाथ वन प्रभाग थराली, टंकार कौशल अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत थराली, मोहन जोशी B.D.O.थराली, तहसीलदार थराली, मार्डन पब्लिक स्कूल थराली, सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर थराली के छात्र आदि लोग उपस्थित रहे।



## नाबालिग से दुष्कर्म का फरार आरोपी हल्द्वानी से दबोचा

अल्मोड़ा। नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म के फरार आरोपी आख़िरकार पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पुलिस कई दिनों से उसकी तलाश कर रही थी और कई जगह दबिश भी दी गई, मगर वह पुलिस गिरफ्त में आने से बचता रहा। आखिरकार पुलिस उसे हल्द्वानी से दबोचकर ले आई। आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। मामला लमगड़ा थाना क्षेत्र का है। लमगड़ा थानांतर्गत निवासी एक व्यक्ति ने बीती 21 जून को अपनी नाबालिग पुत्री के साथ दुष्कर्म होने के संबंध में तहरीर दी और आरोपी मनोज सिंह नेगी के विरुद्ध धारा 376 भादवि व 5जे (II)/6 पॉक्सो एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए, थानाध्यक्ष लमगड़ा राहुल राठी के नेतृत्व में पुलिस टीम खोजबीन शुरू की। गिरफ्तारी से बचने के लिए आरोपी ने फोन का प्रयोग करना भी बंद कर दिया। पुलिस ने हर संभावित स्थान पर उसे तलाशा और दबिश दी, मगर वह बचता रहा। लगातार सुरागरसी-पतारसी करते हुए आखिर पुलिस ने उसका पता लगा ही लिया और आरोपी मनोज सिंह नेगी पुत्र जमन सिंह, निवासी चौकुना, लमगड़ा अल्मोड़ा को बरेली रोड हल्द्वानी से दबोच लिया। उसके गिरफ्तार कर ले आई और पंजीकृत अभियोग में आवश्यक कार्यवाही की गई। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष राहुल राठी, हेड कांस्टेबल इन्द्रजीत बोरा व नरेंद्र यादव शामिल रहे।

## अल्मोड़ा में धूमधाम से मनाया गया हरेला पर्व, हुआ पौधरोपण

अल्मोड़ा। उत्तराखंड में मनाया जाने वाला लोकपर्व हरेला सावन के आने का सन्देश है, इस पर्व के पीछे फसल उगने की आशा होती है और इस दिन नए पौधे बोए और उगाए जाते हैं। हरेला पर्व पर जनपद में विभिन्न स्थानों में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किए गए। मानसखंड विज्ञान केंद्र स्यालीधार में आयोजित कार्यक्रम में केंद्र प्रभारी डॉ नवीन चंद्र जोशी ने कर्मचारियों को पेड़ लगाने तथा उनके संवर्धन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने पेड़ों की विभिन्न प्रजातियों के लाभ तथा उनके उपयोग के सम्बन्ध में जानकारी दी। वनस्पति वैज्ञानिक एमेरिटस साइंटिस्ट डॉ एस एस सामंत ने पेड़ों के महत्व और पेड़ों से पर्यावरण को होने वाले लाभों के बारे में बताया। मानसखंड विज्ञान केंद्र के बायोडायवर्सिटी पार्क में पिछले सात दिनों से पेड़ लगाने का कार्य किया जा रहा है। वहीं जनपद के विभिन्न कार्यालयों, जनपद न्यायालय व विद्यालयों में पौधरोपण किया गया और उनकी देखभाल का संकल्प लिया गया। मानसखंड विज्ञान केंद्र में वृक्षारोपण में प्रदीप तिवारी, भास्कर देवरी, शिवम पंत, मनीष पालीवाल, पारस कुमार, तमन्ना बोरा, उमेश बिष्ट, सुनील कनवाल आदि ने काफल, बांज, देवदार, तेजपत्ता, आंवला आदि के पौधे केंद्र के बायोडायवर्सिटी पार्क में रोपित किए।

## गधेरे में गिरा वाहन, पुलिस ने किया रेस्क्यू

अल्मोड़ा। सोमेश्वर पुलिस ने गधेरे में गिरे वाहन से 03 लोगों को रेस्क्यू कर उनके घर पहुँचाया। सोमवार की रात्रि थाना सोमेश्वर को सूचना मिली कि लोद से आगे बिंता के पास एक गाड़ी गिर गई गई है। थानाध्यक्ष सोमेश्वर कश्मीर सिंह मय फोर्स के आपदा उपकरणों के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे। सड़क से नीचे गधेरे में एक वाहन बोलेरो संख्या यूके 01 टीए 3022 गिरा हुआ था, जिसमें तीन व्यक्ति फंसे हुए थे, जिन्हे पुलिस टीम द्वारा रेस्क्यू कर निकाला गया, जो सामान्य रूप से घायल थे। वाहन में सवार गोपाल राम पुत्र हयात राम, दिलीप सिंह पुत्र नारायण सिंह, मोहित सिंह भंडारी पुत्र गोसाई सिंह भंडारी निवासी बालेगांव तीनों को सामान्य चोटें थी, तीनों को उनके घर भेजा गया। दुर्घटना में किसी प्रकार की जनहानि होना नहीं पाया गया। चालक ने बताया कि जानवर के आने से गाड़ी अनियंत्रित होकर नीचे गिर गई।

## डीडीए के खिलाफ दिया धरना, की नारेबाजी

अल्मोड़ा। जिला मुख्यालय अल्मोड़ा में जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण का विरोध जारी है। सर्वदलीय संघर्ष समिति अल्मोड़ा के बैनर तले विभिन्न संगठनों के लोगों द्वारा यहां प्रत्येक मंगलवार को डीडीए को समाप्त करने की मांग को लेकर धरना दिया जा रहा है। मंगलवार को हरेला पर्व होने के बावजूद गांधी पार्क में समिति ने धरना दिया। मंगलवार को आयोजित धरने को संबोधित करते हुए निवर्तमान पालिकाध्यक्ष एवं समिति के संयोजक प्रकाश चंद्र जोशी ने कहा कि लगातार सालों से चल रहे आंदोलन की सरकार अनदेखी कर रही है। इस मांग को पूरा करने में अटकलें लगा रही है। उन्होंने डीडीए को अव्यवहारिक बताया। उन्होंने कहा कि इस प्राधिकरण को समाप्त करने में ही जनहित है और सरकार को तत्काल इसे खत्म कर देना चाहिए। अन्य वक्ताओं ने भी जिला विकास प्राधिकरण का पुरजोर विरोध किया और इसके समाप्त करने की मांग उठाई। इस दौरान डीडीए एवं प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की गई। धरने में संयोजक प्रकाश चंद्र जोशी समेत हेम चंद्र तिवारी, ललित मोहन पंत, प्रताप सिंह सत्याल, दिनेश रावत, हेम चंद्र जोशी, प्रतेश पांडे, ललित मोहन जोशी, रोबिन भंडारी आदि शामिल रहे।

## पशु बलि को बंद करने का निर्णय लिया

पिथौरागढ़। बेरीनाग। तहसील के श्री सैम मदिर बोराणी मेला स्थल, चाक बोरा राममंदिर, ॐ सेम मंदिर समिति व भगवती मानव कल्याण संगठन के संयुक्त तत्वाधान में बैठक आयोजित की। मंगलवार को हरेला पर्व पर नवीन चंद्र भट्ट व स्थानीय लोगो ने मंदिर परिसर में बट वृक्ष का रोपण किया। जिसमें श्री सैम देवता मंदिर परिसर में वर्षों से पशु बलि देते आ रहे थे। जिसे उन्होंने बंद करने का निर्णय लिया। इस मौके पर राजेंद्र सिंह ने कहा कि देवी देवताओं के नाम पर पशु बलि देना आधुनिक समय में तर्कसंगत नहीं है। कहा कि भारतीय संविधान में इसके लिए कानून भी बने हैं। इसके अलावा पशुबलि अनुच्छेद-21 जीवन का अधिकार का उल्लंघन है। बैठक में सभी ने इस निर्णय का स्वागत किया। बैठक में राजेश सिंह, प्रकाश सिंह, अमित सिंह, कुंदन सिंह, हरीश सिंह महरा, जीत सिंह, इंद्र सिंह सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

## गंगोलीहाट में पुलिस ने भांग की खेती नष्ट की

पिथौरागढ़। जिले में नशे पर रोकथाम को लेकर पुलिस का अभियान जारी है। एसपी रेखा यादव के निर्देश पर गंगोलीहाट पुलिस ने भांग की अवैध खेती नष्ट की। मंगलवार को पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक थानाध्यक्ष हीरा सिंह डांगी के नेतृत्व में टीम ने जाखनी उपरेती गांव पहुंचकर पांच नाली भूमि में अवैध तरीके से की जा रही भांग की खेती नष्ट की। साथ ही उन्होंने ग्रामीणों को नशे के सेवन से स्वास्थ्य को होने वाले नुकसान के बारे में भी बताया।

## कॉलेज के छात्रावास मरम्मत के लिए डेढ़ करोड़ स्वीकृत

काशीपुर। राधेहरि डिग्री कॉलेज के खस्ताहाल छात्रावास की मरम्मत के लिए डेढ़ करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत हुई है। पूंजी निवेश योजना के तहत भारत सरकार ने धनराशि स्वीकृत की है। बता दें कि बाजपुर रोड स्थित राधेहरि डिग्री कॉलेज का छात्रावास पिछले काफी समय से खस्ताहाल अवस्था में था। जिसकी मरम्मत के लिए कॉलेज प्रशासन ने कई बार शासन को पत्र लिखा था। अब भारत सरकार की पूंजी निवेश योजना के तहत सरकार से लगभग 1.50 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत हुई है। जल्द ही छात्रावास में मरम्मत का कार्य शुरू किया जाएगा। छात्रावास में लगभग 50 कमरे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### एबीवीपी ने गुरुकुल कांगड़ी विवि में पौधारोपण किया

हरिद्वार। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने हरेला पर्व पर मंगलवार को गुरुकुल कांगड़ी विवि में पौधारोपण किया। इस मौके पर विभाग संगठन मंत्री मनीष राय ने हरेला पर्व को लेकर जानकारी दी। जिला संयोजक आशु मलिक ने कहा कि विद्यार्थी परिषद पूरे जिले में हरेला पर्व को 16 से 20 जुलाई तक एक पखवाड़े के रूप में इस पर्व को मनाएगा और इस बार पूरे हरिद्वार जिले 400 से अधिक पौधे लगाए जाएंगे। कार्यक्रम में जिला प्रमुख डॉ. राहुल ठाकुर, विभाग संयोजक विशाल भारद्वाज, नगर मंत्री हर्षित सैनी, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य कार्तिक सैनी, नगर उपाध्यक्ष हरदीप सिंह, नगर उपाध्यक्ष सेतवान, गुरुकुल कांगड़ी एनसीसी शाखा के डॉ. राकेश भुटानी, वंश चौहान, उदय सिंह, सूर्य प्रताप राणा, एनसीसी कैडेट आदि मौजूद रहे।

### इंटर कॉलेज के प्रांगण में किया पौधरोपण

हरिद्वार। हरेला पर्व के अवसर पर आर्य इंटर कॉलेज बहादराबाद के प्रांगण में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक राजकुमार चौहान ने कहा कि घर-घर पेड़ लगाने की बात लगने चाहिए। आर्य समाज के प्रधान तरसेम सिंह चौहान ने कहा कि पर्यावरण संतुलन के लिए और समाज को प्रदूषण मुक्त करने हेतु अधिक से अधिक पेड़ों को लगाने का प्रयास करें। इस अवसर पर प्रबंध कार्यकारिणी के अधिकारी वीरेंद्र बोरी, अशोक कुमार, राजेंद्र वर्मा, नरेंद्र सिंह, गीता रानी, शैली चौहान, रक्षपाल चौहान, नरेंद्र कौर, संजय सैनी, मंजू रानी, विश्वेश शर्मा और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### शौचालय में गंदगी मिलने पर पांच हजार का चालान

हरिद्वार। नगर निगम की टीम ने मंगलवार को सफाई निरीक्षक के नेतृत्व में विष्णु घाट स्थित सार्वजनिक शौचालय का निरीक्षण किया। सफाई निरीक्षक सुनित कुमार ने बताया कि सार्वजनिक शौचालय में गंदगी मिलने पर पांच हजार का चालान किया गया है। उन्होंने बताया कि निरीक्षण के दौरान शौचालय में गंदगी पसरी हुई थी और बहुत अधिक दुर्गंध भी आ रही थी। जिस पर सार्वजनिक शौचालय संचालक का पांच हजार का चालान किया गया है। वहीं तीन दिन में व्यवस्थाओ में सुधार करने की चेतावनी भी दी गई है। ऐसा न करने पर शौचालय को बंद करने की चेतावनी भी संचालक को दी गई।

### जनता की धार्मिक भावनाओं से खिलवाड़ कर रही राज्य सरकार : माहरा

हरिद्वार। कांग्रेस की ऐतिहासिक जीत के बाद मंगलवार को प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने धर्मनगरी पहुंचकर अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रविंद्र पुरी का आशीर्वाद लिया। करन माहरा ने कहा कि केदारनाथ धाम से शिला ले जाकर दिल्ली में केदारनाथ धाम बनाया जा रहा है। जिसके शिलान्यास पर मुख्यमंत्री भी पहुंचे। कहा कि राज्य सरकार जनता की धार्मिक भावनाओं के साथ खिलवाड़ कर रही है। केदारनाथ उप चुनाव में भी इसी प्रकार से भाजपा की हार सुनिश्चित है। कनखल स्थित महानिर्वाणी अखाड़े में कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि वह संतों का आशीर्वाद समय-समय पर लेते रहते हैं। कांग्रेस ने बदरीनाथ और मंगलौर में ऐतिहासिक जीत हासिल की है। जनता भाजपा शासन से खुश नहीं है। उप चुनाव में सरकार द्वारा धांधली भी की गई, लेकिन जनता ने भाजपा को जवाब दे दिया। केदारनाथ की जनता भी सरकार और मुख्यमंत्री की कार्यशैली से नाराज है। केदारनाथ धाम से शिला ले जाकर दिल्ली में केदारनाथ धाम बनाया जा रहा है। जिसके शिलान्यास पर मुख्यमंत्री भी पहुंचे। जो उत्तराखंड की जनता की धार्मिक भावनाओं के साथ खिलवाड़ है। केदारनाथ उप चुनाव में भी इसी प्रकार से भाजपा की हार सुनिश्चित है। इस अवसर पर ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी, प्रदेश महामंत्री नवीन जोशी, महानगर अध्यक्ष अमन गर्ग, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष कैश खुराना, मुरली मनोहर, निवर्तमान पार्षद कैलाश भट्ट, राजीव भार्गव, नितिन तेश्वर, वीरेंद्र श्रमिक, तुषार कपिल, शुभम जोशी, तरुण व्यास, जितेंद्र सिंह, नकुल महेश्वरी, दीपिका आदि उपस्थित रहे।

### पीएम श्री इंटर कॉलेज में पौधरोपण किया

हरिद्वार। पीएम श्री राजकीय कन्या इंटर कॉलेज ज्वालापुर में हरेला पर्व धूमधाम मनाया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की योजना एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत हरित क्रांति के संवर्धन के लिए मुख्य अतिथि महाप्रबंधक यूको बैंक हर्ष सिंह राना ने विद्यालय परिसर में पौधे लगाकर छात्रों से भी पूर्वजों के नाम पौधारोपण करने का आह्वान किया। इसके बाद विद्यालय में अनेक प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। प्रधानाचार्य पूनम राणा ने छात्राओं को संदेश दिया गया है की हरेला पर्व के अवसर पर प्रत्येक छात्र एक पौधा अवश्य लगाएं। कार्यक्रम इको क्लब प्रभारी कुमारी अंबिका एवं वरिष्ठ शिक्षिका लता भट्ट के मार्गदर्शन में हुआ।

## मोहर्रम आज, अकीदतमंद एवं पुलिस ने की पूरी तैयारी

काशीपुर। जसपुर। मोहर्रम पर्व आज बुधवार को मनाया जाएगा। पर्व को सादगी से मनाने के लिए अकीदतमंदों ने पूरी तैयारी कर ली है। पुलिस ने भी सुरक्षा के पूरे इंतजाम किए हैं। वहीं अकीदतमंदों ने रोजे भी रखे। मंगलवार को मोहर्रम की नवीं पर अकीदतमंदों ने ताजिये निकालकर गम का इजहार किया। तकिये वाली मस्जिद से ताजिये निकाले गए। इस दौरान या हुसैन की सदाओं से नगर गुंजायमान हो गया। ताजियों को देखकर लोग भावुक हो गए। वहीं, बुधवार को मोहर्रम की दसवीं पर कड़ी सुरक्षा के बीच ताजिये निकाले जाएंगे। अकीदतमंद इमाम हुसैन को याद कर जगह-जगह नियाज करेंगे। एसआई जावेद मलिक ने बताया कि मोहर्रम को लेकर कई स्थानों पर पुलिस कर्मी मौजूद रहेंगे। इसके अलावा जुलूस के साथ भी पुलिस कर्मी चलेंगे। बताया कि हुड़दंग मचाने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा। सुरक्षा के लिए पीएससी को बुलाया गया है। बताया कि अलमदारी दोपहर दो बजे से शाम सात बजे तक, मेहंदी रात दो बजे से सुबह तक निकाली गई। मोहर्रम के दौरान बिजली, पानी और नगर पालिका कर्मियों की ओर से भी तैयारी की गई है।

आकर्षण का केंद्र बनी करबला

हजरत इमाम हुसैन की शहादत को जिंदा रखने के लिए मोहल्ला भूपसिंह के वसीम अहमद, नबील मन्नू, मुजाहिद, शाहबुद्दीन, दानिश, कमर, जीशान, रिजवान, समीर, शाहनवाज, शानू, अरीब, आदिल द्वारा बनाई गई साक्षात करबला आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। अकीदतमंद इसे देखकर भावुक हो रहे हैं। हूबहू बगदाद की करबला की याद ताजा कराती इस करबला के पीछे हजरत इमाम हुसैन का रोजा बनाया गया है। करबला में तीर लगे घोड़े, खून के आंसू रोते कबूतर, खून से भरी नदी और उसमें बने यजीद एवं हजरत इमाम हुसैन के खेमे हजरत की उस समय की शहादत को तरोताजा कर देते है।

## वैकल्पिक शिक्षा केंद्र बंद करने से 65 छात्र-छात्राओं की पढ़ाई पर संकट

काशीपुर। वन क्षेत्र के तीन वैकल्पिक शिक्षा केंद्र बंद करने से 65 छात्र-छात्राओं की पढ़ाई पर संकट खड़ा हो गया है। वन गुर्जरों ने विधायक से शिक्षा केंद्र खुलवाने की मांग की है।मंगलवार को करनपुर वन गुर्जर नई बस्ती के वन गुर्जरों ने विधायक आदेश चौहान के कार्यालय पहुंचकर उनसे मुलाकात की। गुर्जरों ने बताया कि प्रदेश सरकार ने वन गुर्जरों के बच्चों की शिक्षा के लिए वन क्षेत्र में वर्ष 2009 में कक्षा 5 तक की पढ़ाई के लिए वैकल्पिक शिक्षा केंद्र खोले थे। ग्रामीण क्षेत्र के तीन शिक्षकों को मानदेय पर रखा गया था। वर्तमान में शिक्षा केंद्र में 65 छात्राएं अध्ययनरत हैं। बीती 31 मार्च को सरकार ने इस व्यवस्था को समाप्त कर दिया। इससे छात्र-छात्राओं की पढ़ाई पर संकट आ गया है।

## प्रेम विवाह से नाराज चाचा ने भतीजी के पति पर किया पथराव

काशीपुर। भतीजी के प्रेम विवाह से नाराज चाचा ने उसके पति पर पत्थरों से हमला कर दिया। जिसके चलते वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे राहगीरों ने इलाज के लिए एलडी भट्ट चिकित्सालय में भर्ती कराया। कुंडेश्वरी चौकी क्षेत्र के ग्राम गांधीनगर निवासी गुरवचन सिंह पुत्र इंदर सिंह ने कोतवाली पुलिस को तहरीर सौंपी। बताया कि उसने 21 मई 2018 को मंदीप कौर पुत्री दिलबाग सिंह निवासी गांधीनगर के साथ परिजनों की इच्छा के विरुद्ध शादी की थी। बाद में मंदीप कौर के माता-पिता ने उनके रिश्ते को स्वीकार कर लिया। लेकिन मंदीप का चाचा सुखविंदर सिंह उर्फ सनी पुत्र लखविंदर सिंह निवासी गांधीनगर ने रिश्ते को नहीं माना और उससे रंजिश रखने लगा। 14 जून की रात वह गुलजारपुर में अपना डंपर लेकर गया था। इसी दौरान वहां पर मौजूद सुखविंदर सिंह उर्फ सनी ने उसके साथ गाली गलौज शुरू कर दी और पत्थर से हमला कर दिया।

# संपादकीय

## रोजगार या नौकरी

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि बीते 3-4 साल में करीब आठ करोड़ रोजगार दिए गए हैं। प्रधानमंत्री ने भारतीय रिजर्व बैंक की एक रपट का हवाला दिया है। प्रधानमंत्री के मुताबिक, बुनियादी ढांचे की प्रत्येक परियोजना के साथ-साथ रोजगार भी बढ़ता है। इस मुद्दे पर फर्जी आंकड़े और बयान देने वालों की जुबान अब बंद हो जानी चाहिए, लेकिन कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे अब भी प्रधानमंत्री के दावे को 'झूठ' करार दे रहे हैं। वह रोजगार के मुद्दे को मोड़ कर पेपरलीक, एनटीए और एनटीआर पर ले आए हैं और युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने सरीखे सवाल पूछ रहे हैं। उनकी अपनी कुंठाएं हैं। बेशक रोजगार और महंगाई इस दौर के सबसे महत्वपूर्ण और संवेदनशील मुद्दे हैं। आम चुनाव भी बेरोजगारी से प्रभावित हुआ है, ये विश्लेषण अब सामने आ रहे हैं। प्रधानमंत्री के बयान के संदर्भ में भी सवाल यह है कि ये रोजगार क्या हैं? नौकरी, दिहाड़ी, स्वरोजगार, ठेका अथवा मनरेगा किस्म का रोजगार है! यदि नौकरियां दी गई हैं, तो वे निजी क्षेत्र में भी कितनी स्थायी हैं? निजी क्षेत्र देश के निर्माण और विकास में बराबर का भागीदार है। विश्व की 5वीं अर्थव्यवस्था बनने में निजी क्षेत्र का ज्यादा योगदान है। सरकारी क्षेत्र की परिधियां सीमित होती हैं। यदि आज भी करीब 10 लाख सरकारी नौकरियां रिक्त पड़ी हैं, तो यह सरकार की नीयत और इच्छा का ही नतीजा है। सरकारें अपने क्षेत्र को सिकोड़ देना चाहती हैं और सरकारी काम को आउटसोर्स के हवाले कर रही हैं। बहरहाल प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्यमंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने बीते दिनों एक बयान दिया था कि भाजपा-एनडीए सरकार ने 2014-23 के दौरान 9 लाख सरकारी नौकरियां दी हैं। यह आंकड़ा यूपीए सरकार के 2004-13 कार्यकाल से बेहतर है, क्योंकि उस सरकार के दौरान 6 लाख सरकारी नौकरियां ही दी गई थीं। ये आंकड़े भी 'ऊंट के मुंह में जीरा' समान हैं। भारतीय स्टेट बैंक के मुताबिक, 2014-23 के दौरान 12.5 करोड़ रोजगार दिए जा चुके हैं। प्रधानमंत्री रिजर्व बैंक के जरिए यह भी स्पष्ट करें कि किन क्षेत्रों में रोजगार दिए गए हैं और वे कितने स्थिर हैं? भारत की कुल आबादी करीब 143 करोड़ है, लेकिन 2024 तक कुल कार्यबल 64.33 करोड़ है। यह आंकड़ा 2023 में 59.67 करोड़ था। एक साल में 4.67 करोड़ कार्यबल की बढ़ोतरी हुई है। इतने हाथों में नौकरी, रोजगार या दिहाड़ी उपलब्ध है। प्रधानमंत्री यह भी स्पष्ट करें कि यह देश का सालाना औसत रोजगार है अथवा 2023-24 के ही आंकड़े हैं? यदि ऐसा होता, तो जून में देश की बेरोजगारी दर करीब 9 फीसदी न होती। ऐसा भी न होता कि नौकरी के लिए 10 स्थान खाली हैं और उनके लिए सैकड़ों की भीड़ उमड़ आती है और कंपनी की बाहर की रेलिंग भी टूट जाती है।

**दैनिक न्यूज़ वायरस**
**संपादक :** मो.सलीम सैफी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मो.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से मुद्रित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से प्रकाशित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002
**RNI No. :** UTTHIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com
**Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus
न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

## बैरागी कैंप में जल भराव नहीं होना चाहिए: डीएम

हरिद्वार। डीएम धीराज सिंह गर्ब्याल ने कहा कि बैरागी कैम्प पार्किंग स्थल पर जलभराव नहीं होना चाहिए। कहा कि जल निकासी की पहले से ही समुचित व्यवस्था कर ली जाए। उन्होंने ठेकेदार को निर्देश दिए कि पार्किंग स्थल को समतल किया जाए, जल निकासी की उचित व्यवस्था की जाए, पानी नहीं रुके, वाहनों की पार्किंग में किसी भी प्रकार की समस्या न हो, एंट्री तथा एग्जिट गेट और बैरियर सही हों, एंट्री और एग्जिट के प्रोपर साइनेज लगाए जाएं। यह निर्देश उन्होंने मंगलवार को एसएसपी के साथ निरीक्षण कर दिए।

## चेन स्नेचर नहीं चढ़े हत्थे, मुकदमा दर्ज

हरिद्वार। कनखल की युवती के गले से झपट्टा मारकर सोने की चेन छीनकर फरार हुए आरोपियों के खिलाफ ज्वालापुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का दावा है कि जल्द आरोपियों को दबोच लिया जाएगा। कोतवाली ज्वालापुर में मुकदमा दर्ज कराते हुए मीना सैनी निवासी शेखपुरा कनखल ने बताया कि सोमवार को किसी कार्य से यस बैंक पुराना रानीपुर मोड़ गई थी। बैंक से लौटते समय प्रेमनगर आश्रम पुल से पहले उसके गले पर झपट्टा मारकर चेन लूटकर दो युवक फरार हो गए थे। कोतवाली प्रभारी रमेश सिंह तनवार ने बताया कि इस संबंध में केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश तेज कर दी है।

## हरेला पर्व पर पौधरोपण कर हरियाली बचाने का आह्वान

हरिद्वार। मायापुर के डॉ. हरिराम आर इंटर कॉलेज में छात्र-छात्राओं ने पौधरोपण किया। मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता मयंक गुप्ता ने छात्र-छात्राओं को पौधरोपण के लिए प्रेरित किया। कहा कि छात्र ही इस दिशा में कार्य कर सकते हैं। प्रधानाचार्य डॉ. अरविंद शर्मा ने छात्र-छात्राओं को पौधों की जिम्मेदारी सौंपकर कहा कि मात्र पौधरोपण से ही कुछ नहीं होगा। हमें इन पौधों की रक्षा भी करनी होगी। इस अवसर पर प्रवीण त्यागी, दीपक मिश्रा, राजीव कौशिक, प्रियंका शर्मा, जागृति पंडित, श्रवण कुमार, सरीन कुमार, निधि शर्मा, नरेंद्र सिंह, दीपक, प्रिंस, आदित्य, सुशील, सूरज, लक्ष्मी, अंशु, अनुराधा, आशु आदि उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त खबरें

## फिर से बेच दी गई पहले से बिकी जमीन

हरिद्वार। पूर्व में बेच दी गई भूमि को दुबारा बेचकर धोखाधड़ी के मामले में ज्वालापुर पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर मंगलवार को आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।कोर्ट को दिए प्रार्थना पत्र में भगवती प्रसाद केमनी निवासी लेन नंबर-5 सृष्टि विहार दीपनगर अजबपुर कलां देहरादून ने बताया कि खेती की भूमि खरीदने के लिए उनकी मुलाकात तेजपाल निवासी ग्राम बाडीटीप से हुई थी। आरोप है कि उसने जमीन दिखाकर खुद को उसका स्वामी बताया था। डीएवी स्कूल लक्सर मार्ग के पास भूमि का बैनामा 23 मार्च 2022 को को उसके हक में कर दिया था। आरोप है कि कुछ समय बाद उसे जानकारी हुई कि यह भूमि तेजपाल के पिता रगवीर सिंह ने वर्ष 2005 में प्रीतम सिंह पुत्र पुन्ना निवासी प्रतीत नगर डाण्डी रायवाला जिला देहरादून को बेची हुई है। आरोप है कि रकम वापस मांगने पर हत्या की धमकी दी गई। कोतवाली प्रभारी रमेश सिंह तनवार ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## मां गंगा किनारे पौधरोपण कर हरेला पर्व मनाया

हरिद्वार। हरिद्वार आओ पेड़ लगाए पर्यावरण को और हरा भरा बनाएं सौ हाथ सौ पेड़ लगाओ अभियान के तहत पूर्व कृषि उत्पादन मंडी समिति अध्यक्ष संजय चोपड़ा की अगुवाई में हरेला पर्व पर अलकनंदा घाट से मां गंगा किनारे छायादार पौधे लगाकर हरेला पर्व मनाया। संजय चोपड़ा ने कहा सरकार द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों में पर्यावरण का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। इस मौके पर मोहनलाल, मनीष शर्मा, सुदामा लाल, सनी वर्मा, कमल सिंह, गौरव चौहान, जय सिंह बिष्ट, नरेंद्र कुमार, सोनू कुमार, मनोज, श्यामजीत, चंदन रावत, ओमप्रकाश भाटिया, वीरेंद्र कुमार, नंदकिशोर, चंदन दास, आशा देवी, सुमन गुप्ता, मंजू पाल, सुनीता चौहान, पुष्पा, सुमित्रा, मुन्नी देवी आदि शामिल रहे।

## कांवड़ में गंगाजल भर कर सोनीपत के लिए रवाना हुए दिव्यांग मोहित

हरिद्वार। सोनीपत क्षेत्र के दिव्यांग बॉडी बिल्डर मोहित कांवड़ में गंगाजल भर कर अपने गंतव्य को रवाना हो गए। मोहित को बोन कैंसर के कारण बचपन में अपना एक पैर गंवाना पड़ा था।बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप में हिस्सा लेकर मोहित कई पुरस्कार जीते चुके हैं। साथ ही दस बार मिस्टर इंडिया रह चुके हैं। मोहित ने बताया की उनका मन हरिद्वार से कांवड़ उठाने का था। कांवड़ उठाने के लिए परिवार ने भी मोहित का साहस बढ़ाया। दो दोस्तों ने उनका सहारा बनने की बात कही। दोस्तों के सहारे के साथ हरिद्वार से कांवड़ लेकर निकल पड़े हैं। एक पैर नहीं होने के बावजूद मोहित हरिद्वार से सोनीपत के लिए कंधे पर कांवड़ लेकर निकले हैं।

## पेड़-पौधों की पर्यावरण संरक्षण में अहम भूमिका

हरिद्वार। हरेला पर्व के अवसर पर भारत विकास परिषद की जाह्नवी शाखा ने अध्यक्ष आरती नैयर के नेतृत्व में कनखल में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया। जिसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और हरित आवरण को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम के तहत विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए गए। इस मौके पर भाजपा के जिला उपाध्यक्ष विकास तिवारी, ललित नैयर, संस्था महासचिव मिनाक्षी भजोराम शर्मा, पूर्व पार्षद एकता गुप्ता, भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष मयंक गुप्ता, भाजपा महिला मोर्चा की पूर्व जिला महामंत्री एकता सूरी, अंजू मल्ल, अनु सचदेवा, डोली रोहेला, अवंतिका राणा, अर्पिता भार्गव, हेमा गुलाटी, राधा चौधरी, दीप्ती गुप्ता, अंकुश रोहेला और अंकुर राणा मौजूद रहे।

## हाफिज इरफान अहमद को बने किसान सेना के महासचिव

हरिद्वार। पथरी क्षेत्र के गांव घिससुपुरा निवासी फारूक सलमानी को प्रदेश अध्यक्ष हाफिज इरफान अहमद ने किसान सेना में महासचिव उत्तराखंड के पद पर नियुक्त किया है। पद पर नियुक्त होने के बाद उन्होंने किसान सेना के लिये हर संभव कार्य करने की बात कही। गुरुवार को घिससुपुरा निवासी फारूक सलमानी व एमएच सोनू कस्सार व मास्टर गुलशनव्वर अंसारी ने किसान सेना का दामन थाम लिया है। किसान सेना के प्रदेश अध्यक्ष हाफिज इरफान अहमद ने उन्हें किसान सेना की शपथ दिलाई। कहा कि किसान सेना गरीब मजदूरों व किसानों के हित की लड़ाई लड़ने का कार्य कर रही है और हमेशा करती रहेगी। इस दौरान फारूक सलमानी ने उन्हें हर सम्भव उनके व किसान सेना के साथ खड़े रहने का आश्वासन दिया है। इस दौरान किसान सेना के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल रहे।

## प्रकृति के बिना हमारा अस्तित्व संभव नहीं: प्रो. बत्रा

हरिद्वार। एसएमजेएन पीजी कालेज में मंगलवार को हरिद्वार नागरिक मंच, अखिल भारतीय सनातन परिषद एवं कालेज के पर्यावरण प्रकोष्ठ के तत्वावधान में हरेला पर्व पर पौधारोपण किया गया। समाज सेवी डॉ. विशाल गर्ग, मनोज कुमार पाल, प्राचार्य प्रो. सुनील कुमार बत्रा और नरेश रानी गर्ग ने रुद्राक्ष के पौधे रोपकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्राचार्य प्रो. डॉ. सुनील कुमार बत्रा ने कहा कि प्रकृति हमारी मां है और उसके बिना हमारा अस्तित्व संभव नहीं है। इस लिए इस बार एक पौध जन्म देने वाली मां और एक पौध धरती मां के श्रृंगार के लिए लगानी है। नागरिक मंच के महामंत्री डॉ. संजय माहेश्वरी ने कहा कि पर्यावरण के साथ सतत विकास की अवधारणा को अपनाने की आवश्यकता है। विशिष्ट अतिथि डॉ. विशाल गर्ग ने कहा कि उत्तराखंड में हरेला पर्व का संदेश पर्यावरण के संरक्षण का संदेश है। प्रो. तेजवीर सिंह तोमर ने प्रकृति के साथ सामंजस्य स्थापित करने का संदेश दिया। मौके पर डॉ. सुगन्धा वर्मा, डॉ. जेसी आर्य, डॉ. सुषमा नयाल, डॉ. मीनाक्षी शर्मा, डॉ. लता शर्मा, डॉ. मोना शर्मा, डॉ. रजनी सिंघल, डॉ. पल्लवी राणा, डॉ. आशा शर्मा आदि मौजूद थे।

## कविता और गीतों से विद्यार्थियों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया

हरिद्वार। गुरुकुल कांगड़ी विवि के हिन्दी विभाग में मंगलवार को लोकपर्व हरेला धूमधाम से मनाया गया। हरेला पर्व के अवसर पर हिन्दी विभाग में कविता, गीत वाचन, भाषण और पौधरोपण के माध्यम से विद्यार्थियों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया गया। हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रो. मृदुल जोशी ने कहा कि हरेला भले ही कुमाउंनी लोक संस्कृति का पर्व है। मगर यह मनुष्य और प्रकृति के संबंधों को समझने और मनुष्य के पर्यावरण के प्रति जागरूक करने का अवसर प्रदान करता है। कहा कि इस लोक पर्व से हमें यह सीखना चाहिए कि प्रकृति संरक्षण मनुष्य की बुनियादी जिम्मेदारी है। डॉ. अजित तोमर ने कहा कि हमें विकास और यथार्थ के मध्य संतुलन और समन्वय विकसित करना होगा तभी पर्यावरण संरक्षण कर सकेंगे। शोधार्थी शालिनी ने हरेला पर्व के लोक सांस्कृतिक पर्व के महत्व पर प्रकाश डाला। शोधार्थी मोनिका ने पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण के महत्व को समझाया।

# हरेला पर राशि वाटिका लगाकर DM सोनिका ने दिया संदेश

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



देहरादून 17 जुलाई : पर्यावरण संरक्षण को समर्पित राज्य के लोक पर्व ' हरेला' के अवसर पर आज जनपद में वृहद्ध वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी क्रम में आज कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी सोनिका ने अधिकारियों कार्मिकों के साथ वृक्षारोपण कर 'राशि वाटिका' बनाई गई, जिससे में 12 राशियों के वृक्ष लगाए गए। राशियों के नाम से वृक्ष लगाकर ''राशि वाटिका'' बनाते हुए हरेला कार्यक्रम को देवभूमि की संस्कृति, परम्परा एवं जीवनशैली से जोड़ने का संदेश दिया।

जिलाधिकारी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण को समर्पित राज्य के लोक पर्व 'हरेला' पर्यावरण एवं प्रकृति के संवर्धन व संरक्षण के प्रति राज्यवासियों की भावना को व्यक्त करता है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष हरेला पर्व की थीम 'पर्यावरण की रखवाली, घर-घर हरियाली, लाये समृद्धि और खुशहाली' रखी गई है। हम सभी यह संकल्प भी लें कि जो पौधा हमारे द्वारा रोपित किया गया है, हम उसकी सुरक्षा एवं संरक्षण के प्रति प्रतिबद्ध रहेंगे। जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट परिसर में बनाई गई ''राशि वाटिका'' में सफाई बनाए रखने तथा घास रोपित करने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने पर्यावरण मित्र के साथ वृक्षारोपण किया तथा उनके स्वच्छता के प्रति उनके योगदान की सराहना की। इससे पूर्व जिलाधिकारी ने मालदेवता रायपुर में वन विभाग द्वारा आयोजित वृक्षारोपण मुख्य कार्यक्रम में 'कपूर' का वृक्ष रोपित किया।





इस अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में नगर मजिस्टेªट प्रत्यूष सिंह, जिलाधिकारी के मुख्य वैयेक्तिक सहायक वीरेन्द्र सिंह, उप जिलाधिकारी मुख्यालय शालिनी नेगी, हेड नाजिर बुद्धिराम बिजल्वाण, जिलाधिकारी के पेशगार हरीश पांडेय सहित कलेक्ट्रेट के अधिकारी, कर्मचारी एवं पर्यावरण मित्र उपस्थित रहे।

## सावन की संक्रांति पर भंडाराथात के जातरा मेले में उमड़े श्रद्धालु

विकासनगर। जनजातीय क्षेत्र जौनसार बावर के कई गांवों में सावन की संक्रांति को मनाए जाने वाले लोकपर्व जातरा को धूमधाम से मनाया गया। खत द्वार के मिंडाल गांव स्थित भंडाराथात और खत दुनौऊ के ग्राम जाड़ी में मंगलवार को इस लोकपर्व की धूम रही। मेले में सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लेकर फसलों की अच्छी पैदावार और सुख-समृद्धि की कामना की। जौनसार बावर की लोक संस्कृति अपने आप में अनूठी है। यहां हर त्योहार को मनाने का अपना एक अलग अंदाज है। स्थानीय ग्रामीण हर त्योहार को धूमधाम से मनाते हैं। मंगलवार सुबह चकराता तहसील के मिंडाल गांव के शिलगुर देव स्थान और जाड़ी गांव के काली मंदिर में पूजा अर्चना कर जातरा मेले का शुभारंभ किया गया। ग्रामीणों ने मेला स्थल पर नृत्य कर त्योहार का जश्न मनाया। अपनी पारंपरिक वेशभूषा में पहुंचे महिला, पुरुषों ने लोक गीत गाते हुए पारंपरिक तांदी और हारुल नृत्य कर मेले का आनंद लिया। चकराता ब्लॉक के खत द्वार के सात गांव मिंडाल, कुराड़, खनाड़, सिचाड़, मंझगांव, बनियाना, समोग सहित आसपास के कई गांवों के ग्रामीणों ने भंडाराथात पहुंच फसलों की अच्छी पैदावार की कामना की। दुनौऊ खत के जाड़ी गांव पहुंचे ग्रामीणों ने गांव में स्थित काली माता मंदिर के जातरा मेले में भाग लिया। मेले में खत के जाड़ी, मुंगाड़, लोहारी, सीजला, बुरायला, जगथान आदि गांव के ग्रामीणों सहित आसपास के अन्य गांवों के सैकड़ों लोग मौजूद रहे। युवा संगठन खत द्वार के पूर्व अध्यक्ष राकेश भट्ट ने बताया की जातरा मेले को मनाने की परंपरा पीढ़ी दर पीढ़ी से चली आ रही है। इस मेले में जनजातीय क्षेत्र की पारंपरिक लोक संस्कृति की छटा देखने को मिलती है। सदर स्याणा रजनीश नेगी ने बताया की आज भी जौनसार की लोक संस्कृति गांव के आंगन में दिखती है।

## नई पेयजल लाइन बिछने के बाद भी ग्रामीणों को नहीं मिल रहा पानी

विकासनगर। तहसील क्षेत्र के ग्राम कुल्हा के खेडा-बिऊलोग में जल जीवन मिशन योजना दम तोड़ती नजर आ रही है। नई पेयजल लाइन बिछाने के बावजूद भी ग्रामीणों को पीने का पानी नहीं मिल रहा। ग्रामीणों ने सीएम हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज कराई है। 2023 में जल जीवन मिशन योजना के तहत खेडा-बिऊलोग के लिए गूतू पानी से बिऊलोग बस्ती के लिए लगभग साढ़े तीन किलोमीटर की पेयजल लाइन बननी शुरू हुई। ग्रामीणों का कहना है कि सरकार हर घर नल, हर घर जल उपलब्ध कराने के लिए योजना बना रही है, लेकिन कार्यदायी संस्था और ठेकेदार की मिलीभगत से ग्रामीणों को योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीण भगतराम, केसर सिंह, नाग चन्द, जगदीश, दिनेश, कुंवर सिंह, ज्ञान सिंह, पंचम दास, जीत राम ने विभाग के ठेकेदार को कई बार अवगत कराया, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने सीएम हेल्पलाइन में भी शिकायत दर्ज कराई है।

## खतरे के निशान से छह सेमी नीचे बह रही यमुना

विकासनगर। यमुना का जल स्तर दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। इससे तटवर्ती क्षेत्रों के लोगों की चिंता बढ़ने लगी है। मंगलवार को यमुना का जल स्तर खतरे के निशान से मात्र छह सेंटीमीटर नीचे रिकॉर्ड किया गया। हालांकि टौंस नदी के जल स्तर में दो मीटर की कमी आई है। यमुना के कैचमेंट एरिया में लगातार हो रही बारिश पछुवादून के लोगों के लिए मुसीबत का सबब बनती जा रही है। डाकपत्थर में मैदानी क्षेत्र में प्रवेश करते ही यमुना के जल स्तर में वृद्धि होने लगी है। मंगलवार को यमुना का जल स्तर 455.31 मीटर दर्ज किया गया, जबकि खतरे का निशान 455.37 मीटर पर है। जल स्तर में बढ़ोत्तरी होने से हरिपुर-कालसी, व्यास नहरी, जोहड़ी, व्यास भूड़ समेत डाकपत्थर बैराज के डाउन स्ट्रीम में भीमावाला, ढकरानी के लोगों की चिंता बढ़ गई है।

## प्रवेश प्रक्रिया में गड़बड़ी लेकर छात्रों ने किया हंगामा

विकासनगर। वीर शहीद केसरी चंद राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय डाकपत्थर में प्रवेश प्रक्रिया में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए छात्रों और अभिभावकों ने हंगामा किया। छात्रों ने आरोप लगाया कि प्रवेश देने में भेदभाव किया जा रहा है। हंगामा कर रहे छात्रों ने सोमवार रात आठ बजे तक महाविद्यालय परिसर में तालाबंदी की। बाद में नायब तहसीलदार के आश्वासन पर हंगामा शांत हुआ। हालांकि प्रवेश कमेटी का कहना है कि निर्धारित नियमों के अनुसार ही प्रवेश दिए जा रहे हैं। छात्रसंघ अध्यक्ष आशीष बिष्ट, अभाविप के कार्यकर्ता अंशित तिवारी ने कहा कि प्रतीक्षा सूची के तहत दिए जा रहे प्रवेश में धांधली की जा रही है। कहा कि पछुवादून, जौनसार बावर समेत टिहरी, उत्तरकाशी के सीमांत गांवों और हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिले के छात्रों के लिए पीजी कॉलेज डाकपत्थर ही एकमात्र उच्च शिक्षा का केंद्र है। छात्रों ने आरोप लगाया कि स्नातक प्रथम वर्ष कला संकाय में प्रवेश के दौरान फर्जीवाड़ा किया जा रहा है। कुछ अभ्यर्थियों को बिना काउंसलिंग कराए ही प्रवेश दे दिया।

## सीयूईटी का परीक्षा परिणाम नहीं आने से छात्र चिंतित

विकासनगर। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की ओर से सीयूईटी का परीक्षा परिणाम घोषित नहीं होने से देशभर के अलग-अलग विश्वविद्यालयों में प्रवेश लेने के इच्छुक छात्र-छात्राएं असमंजस की स्थिति में हैं। इन छात्रों ने राज्य के विश्वविद्यालयों में भी प्रवेश के लिए आवेदन नहीं किया है। ऐसे छात्र और उनके अभिभावक भविष्य को लेकर चिंतित हैं। प्रभावित छात्रों का कहना है कि नीट परीक्षा परिणाम में हुई गड़बड़ी का खामियाजा उन्हें भी भुगतना पड़ रहा है। सीयूईटी का परीक्षा परिणाम जारी करने के लिए 30 जून की तिथि निर्धारित की गई थी। दिल्ली विश्वविद्यालय के लेडी श्रीराम कॉलेज में प्रवेश के लिए कॉमन इंट्रेस टेस्ट देने वाली हरबर्टपुर निवासी छात्रा अनुपमा गर्ग ने बताया कि उन्होंने अभिभावकों को बड़ी मुश्किल से घर से दूर जाकर उच्च शिक्षा लेने के लिए मनाया था, लेकिन अभी तक रिजल्ट घोषित नहीं हुआ है। उनके पास अब प्रदेश के अन्य कॉलेज में प्रवेश लेने का विकल्प भी नहीं बचा है।

## संक्षिप्त खबरें

### पछुवादून में हरेला पर्व पर पौधरोपण कर धरा को हरा-भरा बनाने का संकल्प लिया

विकासनगर। हरेला पर्व पर मंगलवार को पूरे पछुवादून में सेलाकुई से लेकर चकराता तक जनप्रतिनिधियों, स्कूलों, संस्थानों और विभागों ने जगह-जगह पौधरोपण किया। लोगों ने पौधरोपण और पौधों का संरक्षण कर धरा को हरा-भरा बनाने का संकल्प लिया। विकासनगर में विधायक मुन्ना सिंह चौहान ने नगर पालिका परिसर के साथ ही ब्लॉक कार्यालय में पौधरोपण किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण को बचाने के लिए विश्व स्तर पर व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने अपील की कि पर्यावरण को बचाने के लिए सभी एक पेड़ जरूर लगाए। इस दौरान अध्यक्ष व्यापार मंडल संजय गुप्ता, अधिशासी अधिकारी बद्री भट्ट, राकेश जॉन, हिमकर गुप्ता, मोहित पाठक, जगदीश लाल, ब्लॉक प्रमुख जसबिंदर सिंह आदि मौजूद रहे। उधर, विधायक सहदेव सिंह पुंडीर ने टिकुला भवानी मंदिर सुद्धोवाला, कारबारी, कैंचीवाला में पौधरोपण कर सभी से पौधे लगाने की अपील की। एसडीएम विनोद कुमार ने ब्लॉक विकासनगर और नगरपालिका में पौधरोपण किया। वहीं जिला पंचायत अध्यक्ष मधु चौहान ने कालसी में पौधरोपण कर लोगों को धरती को हरा-भरा बनाने का संकल्प दिलाया।

### विभिन्न स्कूलों ने पौधरोपण कर धूमधाम से मनाया हरेला पर्व

सेलाकुई। राजकीय इंटर कॉलेज होरावाला में हरेला पर्व पर 'एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय के सभी शिक्षक एवं कर्मचारी और एनसीसी और एनएसएस के स्वयंसेवियों ने विभिन्न प्रजातियों के लगभग 100 पौधों का रोपण किया। प्रत्येक सदस्य को मां के नाम और स्वयं के नाम का अंकन करने के लिए एक तख्ती दी गई और उसे पौधे के साथ लगाया गया। श्री गुरु राम राय इंटर कॉलेज भाऊवाला देहरादून में हरेला पर्व पर विद्यालय शिक्षक, कर्मचारियों, छात्र-छात्राओं, एनसीसी, एनएसएस, इको क्लब के स्वयंसेवियों ने विद्यालय प्रधानाचार्या दमयंती प्राण्डियाल के नेतृत्व में नीबू, अमरूद, आम, जामुन, नीम, तुलसी, एलोवीरा के पौधों का रोपण किया। द अल्टस इंटरनेशनल स्कूल रामपुर ने हरेला पर्व के अवसर पर पौध रोपण अभियान चलाया। विद्यार्थियों ने आम, अनार, पीपल, नीम, अमरूद, पपीता, जामुन, नींबू आदि के कई प्रकार के पौधे लगाए। इस अवसर पर स्कूल की प्रधानाचार्या अनु गुप्ता, विजय नागर, हर्ष नागर आदि मौजूद रहे। सरदार महिपाल राजेंद्र जनजातीय पीजी कॉलेज साहिया ने इस वर्ष हरेला पर्व को बड़े धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया। इस अवसर पर कॉलेज के छात्र, शिक्षक और प्रशासनिक कर्मचारियों ने एकजुट होकर पर्यावरण संरक्षण और हरित क्षेत्र के विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाई। कार्यक्रम संयोजक रितेश चौहान ने कहा की हरेला पर्व के उपलक्ष्य में 20 पौधे लगाए गए। प्रभारी प्राचार्य डॉ. रवि कुमार ने बताया की यह आयोजन न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि समाज के सभी वर्गों को इस दिशा में प्रेरित करने का भी एक प्रयास है। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज नई यमुना कॉलोनी डाकपत्थर में भी हरेला का पर्व बड़े धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। हरेला कार्यक्रम के तहत विद्यालय में पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन के संदर्भ में जन जागरूकता रैली निकाली गई। रैली डाकपत्थर नगर के भिन्न-भिन्न स्थानों से होकर निकली। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज बाबूगढ़ विकासनगर में हरेला पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य कलीराम भट्ट ने किया। 'एक वृक्ष मां के नाम अभियान के तहत विद्यालय परिसर में आम, जामुन, अमरूद, बेल, बरगद, सिल्वर ओक, नीम, आंवला,तेजपत्ता,कनेर तथा अन्य औषधीय, फलदार, शोभादार पौधों का रोपण किया गया।